


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 89/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 30 अक्टूबर 2023 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in


मुंबई में आज से बंद हुई काली-पीली टैक्सी:1964 में फिएट-1100 डिलाइट के साथ शुरू हुई थी, बाद में नाम 'प्रीमियर पद्मिनी' कर दिया

सांध्यप्रकाश विशेष

## Citizens Don't Have Right To Know Source Of Political Parties' Funds : Attorney General Tells Supreme...

**Sheryl Sebastian**

Attorney General for India, R Venkataramani, in a statement filed before the Supreme Court in the electoral bonds case, has submitted that the citizens do not have the right to information under Article 19(1)(a) of the Constitution regarding the funding of a political party.

The AG refuted the argument of the petitioners, who challenge the electoral bonds scheme, that citizens have the right to know about the source of funding of a political party.

Advertisement

Firstly, there can be no general right to know anything and everything without being subjected to reasonable restrictions. Secondly, the right to know as necessary for expression can be for specific ends or purposes and not otherwise," AG said.




He further stated that the judgments upholding that the citizens' right to know of the criminal antecedents of candidates cannot be extrapolated to mean that they have the right to information regarding the funding of parties.

Stating that those judgments were in the context of making informed choices about electoral candidates and knowing their antecedents, the top law officer of the Union said that information limited to such knowledge serves a "specific end of citizens' choice of electing candidates free from blemish.

Right to know for specific rightful expression was thus conceived. From that it cannot be said that the right to know for general or broad ends necessarily follows.

Therefore, these judgments cannot be read as to suggest that a citizen has a right to information under Art. 19(1)(a) regarding funding of political party. If there is no right under Article 19(1)(a), the further question of locating reasonable restriction under Article 19(2) does not arise

The batch of petitions challenge the amendments introduced by the Finance Act, 2017 paving the way for the anonymous electoral bonds scheme.

In his statement, the Attorney General said that the electoral bond scheme does not impinge upon any existing right of any person and cannot be said to be repugnant to any right under Part III of the Constitution. "In the absence of such repugnance, the Scheme will not be illegal. A law which is not so repugnant cannot be voided for any other reason. Judicial review is not about scanning State policies for the purposes of suggesting better or different prescriptions," the Attorney has told the Apex Court.

A Constitution Bench of the Supreme Court will start hearing the batch of petitions challenging the Electoral Bonds scheme on October 31.The bench consists of Chief Justice of India DY Chandrachud, Justices Sanjiv Khanna, BR Gavai, JB Pardiwala and Manoj Misra. On October 16, a 3-judge bench comprising CJI, Justices JB Pardiwala and Manoj Mishra had referred the matter to a 5-judge bench "in view of the importance of issue raised". Earlier, CJI Chandrachud had agreed to hear the petitions -which were filed in 2017- after the petitioners urged that the matter be heard before the upcoming general elections.

The AG has also stated the scheme promotes contribution of clean money and adherence to tax obligations.

"The scheme in question extends the benefit of confidentiality to the contributor. It ensures and promotes clean money being contributed. It ensures abiding by tax obligations. Thus, it does not fall foul of any existing right. A constitutional Court reviews State action only if it impinges upon existing rights and not because State action has not provided for a possible right or an expectation howsoever desirable. "

The AG has also argued that the aspect of testing out a new law is to be considered in public and parliamentary debates. He further said that this is not a case for Court driven guidelines.

"Additionally even when the Court proceeds to declare an aspect as part of a right for the first time, it will be in tune with separation of powers that the subject of reviewing or testing a law with the newly stated aspect of a right be relegated to public and parliamentary debates. This is also not the case for Court driven guidelines. That contribution to political parties has democratic significance and a fit subject for political debate and demand of governance accountability free from influences does not mean that the Court will proceed to declare on such matters in the absence of a clear constitutionally offending law," AG said.

**Background-** The Finance Act 2017 introduced amendments in Reserve Bank of India Act, Companies Act, Income Tax Act, Representation of Peoples Act and Foreign Contributions Regulations Act to make way for the electoral bonds.

By virtue of the 2017 amendment made to Section 29C of the Representation of Peoples Act 1951(RPA), a donor may buy an electoral bond at specified banks and branches using electronic modes of payment and after having completed the KYC (know your customer) requirements. However, political parties are not required to disclose the source of these bonds to the Election Commission of India (ECI). The bonds can be bought for any value, in multiples of Rs 1,000, Rs 10,000, Rs 1 lakh, Rs 10 lakh or Rs 1 crore. The name of the donor will not be there in the bond. The bond will be valid for 15 days from the date of issue, within which it has to be encashed by the payee-political party. The face value of the bonds shall be counted as income by way of voluntary contributions received by an eligible political party, for the purpose of exemption from Income-tax under Section 13A of the Income Tax Act, 1961.

The petitions have been filed by political party Communist Party of India (Marxist), and NGOs Common Cause and Association for Democratic Reforms(ADR),which challenge the scheme as an obscure funding system which is unchecked by any authority. The petitioners voiced the apprehension that the amendments to Companies Act 2013 will lead to private corporate interests taking precedence over the needs and rights of the people of the Sate in policy considerations

In March 2019, the Election Commission of India filed an affidavit stating that anonymous electoral bond scheme was a retrograde step as it has a serious impact on transparency in political funding.

In 2021, the Supreme Court had refused to stay the release of electoral bonds ahead of the assembly elections in certain States.



## प्रधानमंत्री मोदी ने बनासकांठा में किया रोड शो, अंबाजी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचे हैं। इस मौके पर, बनासकांठा में पीएम मोदी ने एक रोड शो किया। उसके बाद उन्होंने अंबाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। मां अंबा के दर्शन करने के बाद पीएम मेहसाणा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री केवड़िया भी जाएंगे, जहां वह स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित कअंबाजी के शक्तिद्वार पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत गृह मंत्री हर्ष सांघवी और विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी ने किया।

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में वन टू वन चर्चा, संभागीय बैठक निरस्त



**इंदौर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार सुबह उज्जैन से इंदौर पहुंचे। यहां वे भाजपा के बागियों के साथ वन टू वन चर्चा कर रहे हैं। शाह उनकी परेशानी और उनके समाधान पर भी चर्चा कर रहे हैं। इस बीच इंदौर की संभागीय भाजपा की बैठक निरस्त कर दी गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और प्रदेश प्रभारी हितानंद शर्मा भी हैं। भाजपा के संभागीय प्रवक्ता आलोक दुबे ने बताया कि ये बैठक कब होगी अभी तय नहीं है। शाह इंदौर से ग्वालियर के लिए रवाना होंगे।

दरअसल, गृह मंत्री शाह की व्यस्तताओं और नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन होने के चलते बैठक बाद में लिए जाने की चर्चा है। इस बैठक में इंदौर संभाग के सभी 9 संगठनात्मक जिलों के कार्यकर्ता, 37 सीटों के विधानसभा प्रभारी और वहां भेजे गए प्रवासी विधायकों को सुबह 11.30 बजे बुलाया था।

चुनावी माहौल और नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने पर जोर देने के लिए यह बैठक आयोजित की जाना थी। बता दें, शाह मप्र के सभी संभागों की बैठकें ले रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने रविवार को उज्जैन संभाग की बैठक भी ली थी। महाकाल मंदिर में दर्शन के बाद शाह ने इंदौर रोड स्थित एक होटल में संभाग की 29 सीटों के 350 कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बागी प्रत्याशियों की जानकारी ली। साथ ही, रूठे कार्यकर्ताओं को मनाने और डैमेज कंट्रोल, फीड बैक संबंधी चर्चा की। शाह ने बीजेपी के वरिष्ठ नेता रूप पमनानी के घर भोजन भी किया।





### मध्यप्रदेश में नामांकन भरने का आज आखिरी दिन

## सीएम शिवराज जैत में नर्मदा पूजन के बाद नामांकन भरने गए

## कमलनाथ ने इंदौर में किया चुनाव अभियान का आगाज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की 230 विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन भरने का आज आखिरी दिन है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने गृहग्राम जैत में नर्मदा पूजन करके नामांकन भरने रवाना हो चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने इंदौर में चुनाव अभियान का शुभारंभ किया। यहां पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने भी नामांकन भर दिया है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कांग्रेस और भाजपा के कई दिग्गज नेताओं के नामांकन फॉर्म आज भरे जाने हैं। पैतृक गांव जैत में कुल देवी-देवताओं की पूजा-पाठ के बाद मुख्यमंत्री ने नर्मदाजी का पूजन किया। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा-मैं आज अपनी जन्मभूमि, कर्मभूमि, मातृभूमि, पुण्यभूमि, वो माटी जिसके आशीर्वाद से प्रदेश की जनता की सेवा का इतना काम कर पाया.. मैं आज यहां प्रणाम करने आया हूं। बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर आज मैं नामांकन फ़ॉर्म जमा करने जा रहा हूं। इसके बाद उन्होंने सलकनपुर पहुंचकर देवी के दर्शन किए और बुधनी रवाना हो गए।

### विजयवर्गीय और मेंदोला भी भर रहे नामांकन

बीजेपी के उम्मीदवार कैलाश विजयवर्गीय इंदौर-1 से अपना नामांकन दाखिल करेंगे और उनका चुनावी प्रचार रैली के रूप में प्रारंभ होगा। इसी साथ, इंदौर-2 से भाजपा प्रत्याशी रमेश मेंदोला भी आज अपना नामांकन जमा करेंगे। अंतिम दिन होने के कारण आज सबसे अधिक नामांकन भरे जाने की उम्मीद है। इसके चलते जिला निर्वाचन अधिकारियों को सुरक्षा इंतजाम के साथ वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में कार्रवाई की जा सके। कल शाम तक प्रदेश भर में कुल 1548 नामांकन दाखिल हुए थे।

### रोड शो और सभा करेंगे

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज शाम को सिवनी मालवा और सोहागपुर विधायक पद के प्रत्याशियों के पक्ष में रोड-शो व सभा करेंगे। जिले की सबसे हाईप्रोफाइल होशंगाबाद-इटारसी विधानसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी गिरिजाशंकर शर्मा व उनके छोटे भाई भाजपा डॉक्टर सीतासरन शर्मा दोनों ही अपने समर्थकों के साथ रैली निकालेंगे व सभा करेंगे। भाजपा प्रत्याशी की रैली इटारसी में बड़े मंदिर में भगवान का आशीर्वाद लेने के बाद प्रारंभ होगी। नर्मदापुरम में बजरिया स्कूल के सामने सभा होगी।

### देवी अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नाथ पहुंचे रैली में

पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ सोमवार को इंदौर पहुंचे। उनके साथ पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा बरार भी इंदौर पहुंचे। कमलनाथ इंदौर में कांग्रेस पार्टी की विशाल रैली में शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने अहिल्या प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कांग्रेस प्रत्याशियों की नामांकन रैली शुरू हुई।



## कमलनाथ ने सिखों पर नहीं किया अत्याचार: बरार

पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरेंद्रसिंह राजा बरार ने इंदौर की सभा में मंच से कमल नाथ पर सिखों पर अत्याचार करने के आरोपों पर बात कही। अमरेंद्रसिंह राजा बोले- मैं सिख गुरुग्रन्थ साहिब को मानने वाला हूं। मध्य प्रदेश के सरदारों से कह रहा हूं की कमल नाथजी ने कभी अत्याचार नहीं किया। जो भाजपा के बहकावे में दुष्प्रचार कर रहे हैं, उन्हें भगवान माफ नहीं करेगा।

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से की अधिकारियों की शिकायत



**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से मिलकर की अधिकारियों की शिकायत। उन्होंने कहा कि हमारे जो कार्यकर्ता स्वैच्छा से अपने घर पर पार्टी का झंडा लगाए हैं उन पर आचार संहिता के उल्लंघन की कार्रवाई की गई है, जो नियम विरुद्ध है। आचार्य संहिता संबंधी दिशा निर्देशों में यह प्राविधान है कि पार्टी कार्यकर्ता अपने घर पर झंडा और दीवार लेखन कर सकता है वहां पर झंडा भी लगा सकता है लेकिन कुछ स्थानों पर निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों ने कार्रवाई की है जो नियम विरुद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि ऐसे अधिकारियों से स्पष्टीकरण लिया जाएगा।

## गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी माने, इस्तीफा लिया वापस, बोले- मैं पार्टी के साथ

**इंदौर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस में टिकट वितरण के बाद नाराजगी दूर करने का दौर जारी है। किसी कड़ी में पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी को कांग्रेस मनाने में सफल रही। प्रेम सिंह राजूखेड़ी ने हाल ही में धरमपुरी सीट से विधानसभा टिकट नहीं मिलने पर अपना इस्तीफा पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथको सौंप दिया था।

कयास लगाए जा रहे थे कि गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी बीजेपी या अन्य किसी दल के साथ जुड़कर चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे। लेकिन



गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया। धार में लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी ने कमलनाथ को एक पत्र लिखा जिसमें उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि वह अपना इस्तीफा वापस ले रहे हैं।

गजेंद्र सिंह ने लिखा कि मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ रहकर कांग्रेस की नीति पर काम करने का फैसला किया है स्थिति पर वापस ले रहा हूं कमलनाथ जी के द्वारा मिले आश्वासन और आप से चर्चा अनुसार में फैसला परेशानी पूर्व विचार किया है आता है कांग्रेस में लेकर जन सेवा का काम करता रहूंगा यह लेटर 30 अक्टूबर 2023 का बताया जा रहा है।

## कतर में बंद भारतीयों के परिवार से मिलकर बोले जयशंकर, छुड़ाने की हरसंभव कोशिश करेंगे



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कतर में मौत की सजा पाने वाले आठ भारतीयों के परिवारवालों से मुलाकात की। गौरतलब है कि नौसेना के आठ पूर्व कर्मी लंबे समय से कतर की जेल में बंद हैं। हाल ही में कतर की एक अदालत ने उन्हें मौत की सजा सुनाई है।

जयशंकर ने पूर्व नौसैनिकों के परिवार से मुलाकात के दौरान कहा कि उनकी सरकार भारतीयों को वापस लाने की हरसंभव कोशिश कर रही है। विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज सुबह ही कतर में बंद आठ भारतीयों के परिवारवालों से मुलाकात की। उन्हें बताया कि सरकार इस मामले को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दे रही है। हम उनके परिवारों की चिंता और दर्द साझा करते हैं। जयशंकर ने आगे कहा, हमने स्पष्ट किया कि सरकार उन्हें छुड़ाने के लिए सबकुछ कर रही है। हम इस मामले में परिवारों से संपर्क में रहना जारी रखेंगे।

फार्म हाउस के मालिक बनें
मात्र 51000/- की
बुकिंग राशि में
हमारे पूर्ण विकसित प्रोजेक्ट
DREAMLAND FARM
कोलार रोड़ में बुक करें और
तुरंत पजेशन प्राप्त करें।
ऑफर मात्र नवरात्रि तक
सम्पर्क -7470487994

# कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी का कार्य करें और कांग्रेस को विजय बनाए: मिश्रा



## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने उपनगर में रखी बैठक

**संत हिरदाराम नगर।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर हुजूर विधानसभा के संत हिरदाराम नगर ब्लाक के वार्ड क्र. 3, 4, 5 के कार्यकर्ताओं की बैठक स्वामी शांति प्रकाश धर्मशाला में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि समय आ गया है कि हम एक जुट होकर पार्टी का कार्य करे व कांग्रेस उम्मीदवारो को विजय बनाए। इस बार प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। अगर आप मेहनत कर नरेश ज्ञानचंदानी को चुनाव में विजय बनाकर विधायक बनाते है तो प्रदेश के कमलनाथ सरकार में मंत्री अवश्य बनेंगे क्योंकि ज्ञानचंदानी दूसरी बार चुनाव लड रहे है और सिंधी समाज को प्रतिनिधित्व अवश्य मिलेगा। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष अशोक मारण ने चुनाव से संबंधित रुपरेखा रखते हुए बताया कि शीघ्र ही चुनाव कार्यालय शुरु किया जाएगा और सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर काम करेंगे और नरेश ज्ञानचंदानी को विजय बनाएगें कार्यक्रम का संचालन माधू चांदवानी ने किया।

इस अवसर पर रामभरोसे राठोर, सोनू तोमर, अनिल टेकचंदानी, हरीश मेहरचंदानी, दिलीप ज्ञानचंदानी, जीतेश खानचंदानी, मंजीत सिंह, ललित नेभवानी, राहुल मण्डलोई, पूनम यादव, जगदीश सांवले, सुरेश सिंगरोली, ओमप्रकाश नामदेव, सुरेश वासवानी, नरेन्द्र केवलानी, गगन भागर्व, सोना जैन, लक्ष्मण वासवानी, विष्णु मारण, इन्द्र जनयानी, मनोहर सतानी, कन्हैया नागदेव, चन्द्रमणी तिवारी, राम लेखवानी, भावना उदासी, रोहित मिश्रा, साहिल खान, बबलू टेकचंदानी, जेकी गोस्वामी, राजकुमार धानुक, रुपेश चंदारिया, मोर सिंह प्रजापति, बद्री सिंह सिगरोली, अनिल भाई, मौसम मियां सहित सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विकास की बदौलत नीलबड़ को मिली उपनगर की पहचान: रामेश्वर शर्मा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

विधायक रामेश्वर शर्मा ने रविवार को नीलबड़ क्षेत्र में जनसंपर्क किया एवं हुजूर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी के रूप में नागरिक बंधुओं का आशीर्वाद किया। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा की नीलबड़ आज विकास की बदौलत भोपाल का नया उपनगर बन चुका है । नमो शिवाय फ़ोर लेन मार्ग का निर्माण हो या सिवेज़ एवं पेय जल कि समस्या का निदान यह सब जनता के आशीर्वाद से पिछले कार्यकाल में किया गया । विकास यह सफ़र निरंतर जारी रहेगा।



नीलबड़ हुजूर विधानसभा का अभिन्न अंग है विकास में कोई कमी नहीं रहने दूँगा। विधायक रामेश्वर शर्मा आज नीलकंठ, शक्ति परिसर, गणेश पुरी, चंदन नगर, गोल्डन सिटी, सिद्धि विनायक, तिरूपति नगर, महावीर नगर, विशाल नगर सहित दो दर्जन से अधिक कॉलोनी में जनता के बीच पहुँचे। इस दौरान भाजपा नेता मस्तान सिंह, वीरेंद्र मारण गोलू, महेश पाटीदार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधानसभा आम निर्वाचन सपाक्स पार्टी ने जारी किया घोषणा पत्र

विधानसभा आम निर्वाचन के लिए सपाक्स पार्टी ने आज अपना घोषणा पत्र( संकल्प पत्र) जारी कर दिया। पार्टी के संकल्प पत्र में आर्थिक आधार पर गरीबों को आरक्षण, योग्यता आधारित व्यवस्था हेतु पदोन्नति में आरक्षण की समाप्ति तथा एट्रोसिटी एक्ट जैसे काले कानून को समाप्त कर सबके लिए समान सिविल एवं क्रिमिनल कानून की बात कही गई है । जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू कर भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासनिक सिस्टम लागू करने की बात कही गई है । संकल्प पत्र में हर हाथ को काम देने, पेंशनरों को पुरानी दर से पेंशन देने, वरिष्ठ नागरिकों को समय पर पेंशन एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का वादा है। सहारा इंडिया एवं अन्य फ्रॉड वित्तीय कंपनियों से पीड़ित हितग्राहियों का जमा पूरा पैसा मय ब्याज के लौटने का पार्टी का संकल्प है।



राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हीरालाल त्रिवेदी ने बताया कि किसानों के लिए सस्ती दरों पर खाद, बीज, बिजली एवं सिंचाई का पानी आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। पंजीयन शुल्क में 50त्न की कटौती की, ऑनलाइन खरीदी पर भारी टैक्स लगाकर सभी लघु एवं मध्यम वर्ग के व्यापारियों (स्वदेशियों) को सुविधा देकर उन्हें 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर ऋृण भी उपलब्ध कराया जाएगा। नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन जैसे किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रकरणों का एक माह के भीतर हल किया जाएगा। राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ वीणा घाणेकर ने बताया कि नगरीय एवं पंचायती राज संस्थाओं को सक्षम बना उनमें भ्रष्टाचार मुक्त सिस्टम विकसित किया जाएगा। आम लोगों के काम बिना लिए दिये ( रिश्वतखोरी) आसानी से हो सके। आम लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा और पीने का पानी निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपलब्ध कराया जाएगा। युवतियों एवं महिलाओं को जूडो कराटे का प्रशिक्षण देकर स्वरक्षा हेतु तैयार करना एवं आत्मनिर्भर बनाया जाएगा । प्रदेश में युवक युवतियों को प्रतिवर्ष 1 लाख नौकरियां दी जाएगी तथा 2 लाख को स्वरोजगार उपलब्ध कराया जाएगा । प्रदेश अध्यक्ष सुरेश शुक्ला ने बताया कि सभी मेहनतकश कामगारों, कारपेंटर, लोहार, ठेला वाले, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, प्लंबर, मिस्त्री आदि अकुशल, अर्ध कुशल एवं कृषि श्रमिकों को सही मजदूरी मिले एवं उन्हें सस्ता और सुलभ इलाज मिले, यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी ।

# ध्रुवनारायण सिंह ने बरखेड़ी मंडल के वार्ड 35 में किया जनसंपर्क

**भोपाल।** ध्रुवनारायण सिंह ने बरखेड़ी मंडल के वार्ड-35 में जनसंपर्क किया। शामको 5 बजे से भाजपा बरखेड़ी मंडल वार्ड-35 में मध्य विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह ने किया जनसंपर्क। जनसंपर्क अभियान की शुरुआत पात्रा पुल श्री हनुमानजी के मंदिर से प्रारंभ होकर पटेल वाली गली,अजय साहू की मल्टी,पोलिस चौकी,लाल बिल्डिंग,माता मोहल्ला,अकरम भाई,वाल्मीकि मोहल्ला,बढ़ाई पूरा,जोगी पुरा,दुर्गा चोक,अहीर पूरा,पुराना एक्सटॉल पर समापन हुआ। जनसंपर्क अभियान में भाजपा बरखेड़ी मंडल अध्यक्ष हेमंत जोगी, भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व पार्षद दिनेश यादव, पूर्व पार्षद राम मोहन साहू,वरिष्ठ नेता नवल प्रजापति,गोपाल पेगवार, ओम प्रकाश सेन, पालक नंदू यादव,संयोजक अजय सेंगर विनोद यादव, प्रमोद मौर्या, विशाल यादव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। जनसंपर्क अभियान की शुरुआत पात्रा पुल श्री हनुमानजी के मंदिर से प्रारंभ होकर पटेल वाली गली,अजय साहू की मल्टी,पोलिस चौकी,लाल बिल्डिंग,माता मोहल्ला,अकरम भाई,वाल्मीकि मोहल्ला,बढ़ाई पूरा,जोगी पुरा,दुर्गा चोक,अहीर पूरा,पुराना एक्सटॉल पर समापन हुआ। जनसंपर्क अभियान में भाजपा बरखेड़ी मंडल अध्यक्ष हेमंत जोगी, भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व पार्षद दिनेश यादव, पूर्व पार्षद राम मोहन साहू,वरिष्ठ नेता नवल प्रजापति,गोपाल पेगवार, ओम प्रकाश सेन, पालक नंदू यादव,संयोजक अजय सेंगर विनोद यादव, प्रमोद मौर्या, विशाल यादव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।



# प्रदूषण फैलाने पर समोसा फैक्ट्री पर 5 हजार का किया स्पॉट फाइन

## सड़क पर हरित कचरा फैंकने व जलाने वालों के विरूद्ध भी की कार्रवाई

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगर निगम द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों एवं प्रदूषण फैलाने वालों के विरूद्ध स्पॉट फाईन/चालानी कार्यवाही निरंतर की जा रही हैं। इसी क्रम में निगम के अमले ने समोसा फैक्ट्री संचालक द्वारा भट्टी का उपयोग करने प्रदूषण फैलाने तथा गंदगी पाए जाने पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की साथ ही पेड़ों की कटाई-छटाई के बाद कचरा सड़क पर फैंकने वाले तथा हरित कचरे को जलाने वालों के विरूद्ध भी स्पॉट फाईन की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही के तहत 03 प्रकरणों में 15 हजार रुपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की।



एन.जी.टी. द्वारा खुले में तंदूर, सिगड़ी, भट्टी आदि जलाकर प्रदूषण फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु निगमायुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए द्वारा दिए गए निर्देश पर निगम के जोन क्रमांक 09 के अमले ने वार्ड क्र. 36 के अंतर्गत शंकराचार्य नगर में समोसा फैक्ट्री में भट्टी का उपयोग कर प्रदूषण फैलाने तथा फैक्ट्री में गंदगी पाए जाने पर 05 हजार रुपये का स्पॉट फाईन वसूल किया। इसी प्रकार जोन क्र. 15 के अमले ने वार्ड क्र. 62 के रायसेन रोड मुख्य मार्ग स्थित एन.आर.आई. कॉलेज के कर्मचारी द्वारा हरित कचरा जलाने पर 05 हजार रुपये का स्पॉट फाईन किया साथ ही वार्ड क्र. 66 में डी.के.टॉवर इन्द्रपुरी में पेड़ों की कटाई-छटाई में निकले कचरे को सड़क पर फैंकने वाले के विरूद्ध भी स्पॉट फाईन की कार्यवाही की और 05 हजार रुपये की राशि वसूल की। इस प्रकार प्रदूषण व गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के 03 प्रकरणों में 15 हजार रुपये की राशि स्पॉटा फाईन के रूप में वसूल की।

# महिला मोर्चा की बैठक को बालिस्ता रावत ने किया संबोधित



**भोपाल।** समाजसेवी मुकेश यादव, भाजपा अजजा मोर्चा भोपाल जिला प्रभारी, मंडल चुनाव प्रभारी बालिस्ता रावत, विधायक प्रतिनिधि, चुनाव सह प्रभारी विनोद साहू, मंडल महामंत्री सुबोध साहू, विमलेश कुमार, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूनम प्रजापति ने भानपुर मंडल महिला मोर्चा पदाधिकारियों की बैठक को किया संबोधित। विधायक प्रत्याशी कृष्णा गौर, सुधा यादव, पूजा यादव के द्वारा किए गए जनसंपर्क में छूटे हुए कालोनियों की गलियों में रोड़ शो तथा जनसंपर्क करने एवं बूथ समिति, पेज प्रभारियों की बैठकों की कार्य योजना बनाई गई ।

बैठक में चुनाव सह प्रभारी मदन माली, कमलेश गंगेले, गायत्री गायकवाड़, रमा कुशवाह, रीना धाकड़, हरिदेवी विश्वकर्मा, ज्योति विश्वकर्मा, विमलेश ठाकुर, सीता चौरसिया, रामसखी अहिरवार, बीमा देवी, सोना कुशवाह, उषा मेहरा, फुलबती, बिंदु राजपूत, जमुना चौरसिया, कैलाश सोनी, राकेश दास एवं अनेकों पदाधिकारी उपस्थित थे ।

[10¬46 क्क, 10/29/2023]

+91 98936 87868¬ अल्प संख्यक मोर्चा की बैठक को निलेश गौर एवं बालिस्ता रावत ने किया संबोधित ।

समाजसेवी मुकेश यादव, भानपुर मंडल अध्यक्ष निलेश गौर, भाजपा अजजा मोर्चा भोपाल जिला प्रभारी, मंडल चुनाव प्रभारी बालिस्ता रावत, विधायक प्रतिनिधि, चुनाव सह प्रभारी विनोद साहू ने भानपुर मंडल अल्प संख्यक मोर्चा पदाधिकारियों की बैठक को किया संबोधित ।

विधायक प्रत्याशी कृष्णा गौर, सुधा यादव, पूजा यादव के द्वारा किए गए जनसंपर्क में छूटे हुए कालोनियों की गलियों में रोड़ शो तथा जनसंपर्क करने एवं बूथ समिति, पेज प्रभारियों की बैठकों की कार्य योजना बनाई गई। बैठक में नर्बदा प्रसाद सचान, कमलेश गंगेले, डीएस वर्मा, मुकेश बघेल, कैलाश सोनी, मो.सईद, आदिल सिद्दीकी, सैयद शेर अली, शहजाद खान, मो. जावेद खान, निसार अली, वसीम अली, मुनब्बर मीया, संजूर अली, मो.इरशाद, नर्बदा विश्वकर्मा एवं अनेकों पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## सम्पति विरूपण पर कार्रवाई

भोपाल। नगर निगम द्वारा संपति विरूपण के विरुद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में निगम के संपति विरूपण दलों ने रविवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों, शासकीय/अशासकीय भवनों आदि पर लगाई गई विभिन्न प्रकार की प्रचार/विज्ञापन सामग्री को हटाने की कार्यवाही करते हुए 54 पोस्टर, बैनर, फ्लैक्स इत्यादि सहित अन्य प्रकार की प्रचार/विज्ञापन सामग्री हटाई तथा 05 स्थानों पर दीवार लेखन पर पुताई भी कराई गई।

# गोविंदपुरा में कृष्णा गौर का जनमिलन अभियान हुआ तेज

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भारतीय जनता पार्टी गोविंदपुरा विधानसभा प्रत्याशी कृष्णा गौर का जनमिलन निरंतर जारी है। उन्होंने रविवार को वार्ड 55, साकेत मंडल में गली गली पैदल चलकर लोगों से भाजपा को भरपूर समर्थन देने का आह्वान किया। कृष्णा गौर व भारी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता व समर्थको ने घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी नें कहा कि आप सभी के जन आशीर्वाद से निश्चित तौर पर जन आकांक्षाओं को पूरा किया जाएगा।

जनमिलन के दौरान स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर भाजपा प्रत्याशी नें कहा कि जिस तरह से आप लोगों का प्यार और अभिवादन मिल रहा है मैं आप सब की आभारी हूं। आज आपने अपनी इस बहन का स्वागत गेंदे के फूल के साथ किया है आगामी 17 नंबर को कमल के फूलों के साथ कर दीजिएगा। जनमिलन कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर नें वार्ड 55, साकेत मंडल के बस स्टेण्ड बागमुगलिया नई बस्ती, अम्बेदकर पार्क स्टेण्ड बागमुगलिया नई बस्ती, ज्ञानोदय स्कूल स्टेण्ड बागमुगलिया नई बस्ती, नोबल स्कूल स्टेण्ड बागमुगलिया नई बस्ती, बरगद का पेड स्टेण्ड बागमुगलिया नई बस्ती, शोभा पाण्डे स्टेण्ड बागमुगलिया नई बस्ती, कंजर मोहल्ला बाग मुगलिया नई बस्ती 16 एकड़, दीक्षा नगर स्टेण्ड बागमुगलिया नई बस्ती, मिनाक्षी कालोनी बाग मुगलिया, नन्द गांव कालोनी बाग मुगलिया, ऋषिकेश विहार कालोनी बाग मुगलिया, बाग मुगलिया एक्सटेंशन लाहरपुर, लाहरपुर गांव पुराना गांव, शिव मंदिर अरविन्द विहार कालोनी, अरविन्द विहार कालोनी, बाग मुगलिया पुराना गांव, बाग सेवनिया पुराना गांव, जमाई मोल्ला बाग सेवनिया, हितकारिणी मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, टंकी वाला ग्राउण्ड, लालटकी पार्ट-1, लालटकी पार्ट-2, छत्तीसगड बस्ती लाल टंकी पर पहुँच कर स्थानीय नागरिकों से संवाद किया।



घर घर जनसंपर्क कर रही महिलाएं: कृष्णा गौर के समर्थन में घर घर जनसंपर्क कर रही सुधा यादव, सोनल यादव एवं विकास पटेल का अटल नेहरू नगर, कल्याण नगर की मतदाता मुस्लिम बहनों ने साल श्रीफल से किया स्वागत ।

भाजपा अजजा मोर्चा भोपाल जिला प्रभारी, भानपुर मंडल चुनाव प्रभारी बालिस्ता रावत ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि गोविंदपुरा विधानसभा प्रत्याशी कृष्णा गौर के समर्थन में वार्ड 72 के पार्षद जोन 16 अध्यक्ष विकास पटेल के नेतृत्व एवं समाजसेवी सुधा यादव, सोनल यादव, भानपुर मंडल अध्यक्ष निलेश गौर, वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर, विधायक प्रतिनिधि, मंडल चुनाव सह प्रभारी विनोद साहू, वरिष्ठ नेत्री, पूर्व पार्षद तुलसा वर्मा, महामंत्री सुबोध साहू, विमलेश कुमार, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूनम प्रजापति, बालिस्ता रावत के उपस्थिति में, वार्ड 72 के कल्याण नगर, अटल नेहरू नगर, पार्श्वधम कालोनी की गालियों में घर घर जनसंपर्क, पत्रक वितरण कर कमल के फूल का बटन दबाकर गोविंदपुरा विधानसभा प्रत्याशी कृष्णा गौर को जीतने का आग्रह किया । जनसंपर्क के दौरान मतदाता मुस्लिम बहनों ने सुधा यादव, सोनल यादव, विकास पटेल का साल श्रीफल से किया स्वागत ।

जनसंपर्क में गजेंद्र मालवीय, नर्बदा प्रसाद सचान, गायत्री गायकवाड़, सुरेश यादव जी, मुकेश ठाकुर, हर्ष सिंह राजपूत, नारायण साहू, भागवती पटेल, बीएस मरमट, रविशंकर लोधी, शिवदयाल मैथिल, अनिता ठाकुर, हरिदेवी विश्वकर्मा, विशाल साहू, चंद्रप्रकाश गौर, कमलेश गंगेले, एडवोकेट केपी पाठक, देवेंद्र साहू, डीएस वर्मा, मुकेश बघेल, रमा कुशवाह, रीना धाकड़, अभिषेक माली, अंकित पटेल, शुभम कोरी, दिव्या पटेल, विमलेश ठाकुर, राजकुमारी परिहार, रामसखी लोधी, रामदयाल धाकड़, कैलाश राजपूत, शेखर गौर, सीता चौरसिया, सविता द्विवेदी, आकाश रैकवार, बीमा देवी, राकेश दास, बिंदा चौहान, राकेश यादव, श्रीनारायण दुबे, अमित श्रीवास्तव, मो.सईद हाफीज़, शेर अली, शेजाद खान, गुलाम सदीक, अरविंद जैन, रश्मि सोनी, मंजू सोनी, प्रदीप राठौर, मोहन साहू, पप्पू ठाकुर, दिलीप परिहार, नर्बदा विश्वकर्मा एवं अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# मुख्यमंत्री शिवराजसिंह ने रेहटी, सतनारा, भैरूंदा नगर और गोपालपुर में किया रोड शो

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र बुधनी के रेहटीनगर, सतनारा, भैरूंदानगर और गोपालपुर में रोड शो कर जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भव्य और ऐतिहासिक स्वागत हुआ तो वहीं भावुक और आत्मीयता के पल भी देखने को मिले। कहीं लाड़ली लक्ष्मी बेटियों ने मामा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनाव लड़ने के लिए अपनी गुल्लक फोड़कर पैसे दिए तो कहीं फूल बेचने वाली बहन ने मंच पर शिवराज सिंह चौहान को अंगूठी पहनाई।



बुधनी क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, यह एक अजूबा है कि, कई नेताओं से लोग पैसा मांगते हैं, लेकिन शिवराज सिंह को लोग पैसे दे रहें है कि, तुम चुनाव लड़ों। ये मेरी जनता का असीम प्रेम है। मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूं। यह परिवार की सरकार है और परिवार की सरकार का मतलब है परिवार की पूरी व्यवस्था। मुख्यमंत्री ने कहा कि, आप सब शिवराज सिंह चौहान बनकर चुनाव प्रचार करों, मैं आपकी सेवा में कोई कसर नहीं रखूँगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कमलनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि, कमलनाथ जी भी कुछ भी कहते रहते हैं। कहते हैं, हमारे लिए राजनीति कोई रोजगार का माध्यम थोड़ी है। राजनीति हमारा धंधा नहीं है। हम रोजगार के लिए राजनीति नहीं करते हैं। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि, कमलनाथ जी रोजगार के लिए राजनीति आप करते होंगे। आप कॉर्पोरेट जगत से आते हैं, आप अरबपति हैं, आप सेठ हैं। आपका काम करने का स्टाइल अलग है। जनता से आपको कोई लेना-देना नहीं है। आप कभी गाँव में नहीं गए। गाँव की गलियां, खेत, खेत की पगडंडियां इन सबसे आपका कोई वास्ता नहीं है। प्राकृतिक आपदा भी आती है, तो कहते हैं मैं वहां नहीं जाता और मैं अगर जाता था तो कहते थे ये ओला टूरिज़्म कर रहें हैं। राजनीति रोजगार का माध्यम, आपके लिए होगी। भारतीय जनता पार्टी के लिए ये सेवा का साधन है, हम सेवा के लिए राजनीति करते हैं।

मुख्यमंत्री शवराज सिंह चौहान ने प्रियंका गांधी के मध्यप्रदेश दौरे को लेकर कहा कि, प्रियंका गांधी मध्यप्रदेश आकर लगातार झूठ बोल रही थी, लेकिन 100 झूठों में एक सच बोला कि, उनके स्वर्गीय पिताजी ने भी अमेठी का विकास नहीं किया। कांग्रेस का विश्वास विकास में नहीं है। जब श्रीमान बंटाधार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तब मध्यप्रदेश को उन्होंने तबाह और बर्बाद कर दिया था। ना बिजली थी ना सड़कें थी ना पानी था। चारों तरफ केवल हाहाकार था। तो प्रियंका जी ने ये तो स्वीकार कर लिया कि, कांग्रेस विकास नहीं करती। विकास केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही करती है।

# शारदेय सम्मान से सम्मनित हुए पद्मश्री कैलाश मड़बैया



**भोपाल।** राजधानी भोपाल में आयोजित शरद उत्सव के समारोह में पद्मश्री कैलाश मड़बैया को काव्योत्सव के मुख्य अतिथि के रुप में 'षारदेव सम्मान' से अलंकृत किया गया। काव्योत्सव में पतिष्ठित साहित्यकार पद्म श्री डॉ कैलाष मड़बैया ने कहा कि वस्तुतः प्रकृति और पौरुष को पावन प्रणाम है शारदोत्सव। हर सरस्वती पुत्र का सारस्वत आराधना पर्व है शारदेवोत्सव। वृहद बुन्देली काव्योत्सव का आयोजन मंदाकिनी कालौनी भोपाल में शरदपूर्णिमा पर सम्पन्न हुआ। दरअसलष्यह शारदेय समारोह दिवाली के आवाहन के साथ ही , महानतम संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज के जन्म दिवस और महर्षि बाल्मीकि जयन्ती सहित, त्रिचरणीय समारोह था। श्री हेमंत तैलंग ने संचालन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय कार्यकारिणी की सभा में परिषद की गतिविधियों पर विस्तृत चर्चायें हुईं। श्री हेमन्त तैलंग को सर्वसम्मति से सचिव पद पर चुना गया।अनेक नये कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये।सम्पन्न काव्य समारोह में संस्था के साहित्य मंत्री डॉ. किषन तिवारी ने बुन्देली गीत 'रामघ्वाई', कैलाश मड़बैया का बुन्देली काव्य-'चलो चलन दो ढ़ला चला', संध्या निगम झॉसी की सरवती आराधना, हेमन्त का बुन्देलखण्ड गीत, नरेन्द्र अधुर्य टीकमगढ का शरद वक्तव्य एवं हंसराज भारती हंस के व्यंग्य भी सराहे गये । अरुण गुप्ता ने गीत रामाण गाई। सुमित्रा तैलंग,श्री विजय तैलंग आदि 15 साहित्यकारों ने विमर्ष में भागीदारी की। आभार प्रदर्षन सभा-अध्यक्ष श्री नरेन्द्र ने किया।

# भाजपा और मैं धर्म और संस्कृति पर चल कर विकास करने वाले हैं: राजपूत

### भाजपा उम्मीदवार गोविंद सिंह ने बिशनपुर, घोघरी, बखरा, अमोदा, कंदेला, हड़ा, गेहूंरास, भजिया, गेहलपुर तथा पिपरिया में किया जनसंपर्क



**भोपाल।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र में हर धर्म और समाज के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। यहां स्थापित प्राचीन धार्मिक स्थलों के दर्शन करने दूर दूर से लोग आते हैं। मैने इन स्थलों का जीर्णोद्धार कराया है, कई स्थानों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया है। बीना नदी का बनेनी घाट इसका उदाहरण है। कांग्रेस कभी भी धर्म, संस्कृति और सनातन की बात नहीं करती। बात चाहे देश की हो, प्रदेश की हो या फिर सुरखी विधानसभा क्षेत्र की हो। भाजपा और हमने हमेशा सनातन धर्म, संस्कृति को संरक्षित करने का काम भी किया है। भारतीय जनता पार्टी और मैं धर्म और संस्कृति पर चल कर विकास करने वाले हैं।पिछले महीनों में परम पूज्य बागेश्वर धाम के पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीहनुमंत कथा का आयोजन हुआ, श्री राम नाम जप यज्ञ का असाधारण आयोजन में भक्ति के गंगा सागर सागर में सुरखी विधानसभा डूब गया था। ऐसे भव्य आयोजन होते रहें , इसके लिए जरुरी है कि आप भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद अपने बहुमूल्य वोट के रूप में दें। यह बात सुरखी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत ने कही। गोविंद सिंह रविवार को क्षेत्र के ग्राम बिशनपुर, घोघरी, बखरा, अमोदा, कंदेला, हड़ा, गेहूंरास, भजिया, गेहलपुर तथा पिपरिया में किया जनसंपर्क कर रहे थे। गोविंद सिंह ने कहा कि धर्म संस्कृति के साथ ही क्षेत्र की समस्याओं को हल करने का हर संभव प्रयास किया है। इसके अतिरिक्त यहां की जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिलें इस पर भी ध्यान देकर योजनाऐं बनाई हैं। भाजपा उम्मीदवार गोविंद सिंह ने कहा कि मेरा पूरा फोकस इस बात पर है कि क्षेत्र के किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं, छात्र- छात्राओं आदि को सुविधाएं मिलें। इसके लिए भाजपा सरकार और मैं प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश सरकार ने सुरखी विधानसभा की कृषि भूमी प्यासी न रहें इसके लिए सिंचाई परियोजनाओं को राशी प्रदान की है।

# बहनें भरवाएगी भोपाल मध्य कांग्रेस प्रत्याशी आरिफ़ मसूद का नामांकन



**भोपाल ।** भोपाल मध्य विधानसभा के काँग्रेस प्रत्याशी श्री आरिफ़ मसूद का नामांकन भरवाने का बीड़ा अब उनके क्षेत्र की मतदाता बहनों ने उठाया है। जीत का संकल्प लेकर बहनें अपने भाई और वर्तमान विधायक श्री आरिफ मसूद का नामांकन भरने सोमवार को अपने परिवारजनों के साथ जाएंगी। मध्य क्षेत्र की बहनें विधायक श्री आरिफ मसूद को सोमवार हमीदया अस्पताल के पास, काले दरवाजे से एक जुलूस मे लेकर नामांकन भरवाने जाएंगी। हमारे भाई ने हमेशा हमारी राखी की लाज रखी है, रिश्ता निभाने की बारी अब हमारी है, महिला प्रकोष्ठ की शर्मिला करोले ने एक बैठक में कहा। उन्होंने कहा की मध्य विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्डों से विधायक की बहनें उनके नामांकन भरने के समय उन्हें आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित रहेंगी। हाल ही मे मध्य विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं ने बैठक कर यह निर्णय लिया। बैठक मे शामिल पूजा यादव, कविता ठाकुर, प्रीति वर्मा सुमन लोधी नूरजहां शहनाज फातिमा रेखा यादव सुमन त्रिवेदी राखी नामदेव आदि ने कहा कि कोरोना के भीषण समय में भी भाई आरिफ़ मसूद ने अपने जान की परवाह किए बेगैर हमारे परिवारों का ध्यान रखा। भाजपा प्रत्याशी के विरुद्ध मध्य विधानसभा में जनता के जन आक्रोश के साथ-साथ महिलाओं का आक्रोश भी दिखाई देने लगा है। महिला प्रकोष्ठ की सुभद्रा ने मुखर होते हुए कहा की भाजपा प्रत्याशी तो हमारी समस्याएं भी नहीं मालूम है, साथ क्या देंगे।

### प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा की बहन माया देवी के निधन पर कांग्रेसजनों ने किया शोक व्यक्त



**भोपाल।** मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा की बहन माया देवी तिवारी इंदौर का आज दुखद निधन हो गया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में कांग्रेसजनों ने दो मिनिट का मौन रखकर आज दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। शोक सभा में अभा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक, अमरीश रंजन पांडे, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अब्बास हफीज, प्रवक्ता जितेन्द्र मिश्रा, आनंद तारण, शहरयार खान, मिथुन अहिरवार, फरहा खान, कुंदन पंजाबी, संजय गुप्ता सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### डॉ. सुरेश मेहरोत्रा के जन्मदिन बधाई



**भोपाल।** डॉ. सुरेश मेहरोत्रा के जन्मदिन के अवसर पर आज मैंने उनके निवास पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और अपनी पुस्तकें भी भेंट की। इस अवसर पर आदरणीया भाभी सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर डॉ. आशा मेहरोत्रा भी उपस्थित थीं।

### गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने भाजपा प्रत्याशी भगवान दास सबनानी का अभिनंदन किया



**भोपाल।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने भारतीय जनता पार्टी के दक्षिण पश्चिम विधान सभा के प्रत्याशी भगवान दास सबनानी का अभिनंदन कर उन्हें विजयश्री हेतु शुभ कामनाएं दी। उलेखनिय है कि गत वर्ष मुख्यमंत्री जी ने के शासकीय अवकाश में वर्ष प्रतिपदा के साथ न्याय शास्त्र के प्रणेता महर्षि गौतम की जयंती को भी सम्मिलित किया। गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने मुख्यमंत्री एवं भगवानदास सबनानी का धन्यवाद किया।

# कला ,साहित्य, रंगमंच और संगीत का कार्य जीवन को संवारना : मनोहर ममतानी

### चित्रकार,शास्त्रीय गायक,लेखक और पत्रकार हुए सम्मानित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



अखिल भारत सिंधी बोली साहित्य सभा के वार्षिक पुरस्कार समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत विभूतियों को सम्मानित किया गया। सिंधु भवन शिवाजी नगर में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष श्री मनोहर ममतानी ने कहा युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और भाषा के संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। कला साहित्य रंगमंच और संगीत से जुड़कर जीवन को संवारा जा सकता है। उन्होंने विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया जिनमें नागपुर भोपाल अहमदाबाद जयपुर और मुंबई के लेखक कलाकार शामिल थे।संयोजक अशोक मनवानी ने स्वागत उद्बोधन दिया।सभा की महासचिव अंजली तुलसियानी,दिल्ली,उपाध्यक्ष कैलाश बालानी,दिल्ली ,धीरज नावानी,दिल्ली,राम जहरानी मुंबई और जेठो लालवानी,अहमदाबाद उपस्थित थे।संचालन विजय मनवानी ने किया। पोस्टकार्ड नाटक का मंचन भी हुआ जिसमें कविता इसरानी के निर्देशन में समीक्षा लछवानी, ऋषभ आहूजा लखन परियाणी, सुरेश पारवानी, मुकेश जग्यासी दिलीप वासवानी और अन्य कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय किया।रुपसज्जा का दायित्व नरेंद्र राजपूत ने सम्हाला। यह कहानी एक लेखक के जीवन पर केंद्रित है जो किसी जरूरत मंद की सहायता करूं या ना करूं इसे लेकर द्वंद्व की स्थिति में फंसा होता है। अंत में वह एक सार्थक संदेश देता है। नाटक की कहानी झकझोर देती है।एक अच्छे लेखक के साथ एक अच्छा इंसान होना जरूरी है,यह संदेश नाटक में दिया गया है।

# टीम प्रबंधन के माध्यम से लक्ष्य की सहज प्राप्ति की जा सकती है: डॉ मनोज गौर



**भोपाल।** मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं आई एस टी डी द्वारा व्यख्यानमाला श्रृंखला के अन्तर्गत विद्या भवन सभागार में डॉक्टर मनोज गौर ने टीम मैनेजमेंट के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति विषय पर व्याख्यान दिया उन्होंने कहा किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति टीम प्रबंधन समन्वय एवं सहयोग से सहज की जा सकती है उन्होंने कई उदहारण देकर कहा कि लक्ष्य के लिए योजना का आधार स्पस्ट एवम प्रभावी होना चाहिए चुनौती हो तो लक्ष्य पर पहुंचने का आनंद ही अलग होता है स्वस्थ मस्तिष्क से योजना बने तो सफलता मिलती है लीडरशिप प्रभावी हो तो लक्ष्य की सफलता निश्चित होती है आज हमे टेक्नोलॉजी का सदुपयोग करना है दुरुपयोग नहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमए के अध्यक्ष सुनील भार्गव ने की उन्होंने विषय प्रवर्तन कर स्वागत भाषण दिया एवम बीएमए की गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम मे पुर्व अध्यक्ष डॉ महेश शुक्ला प्रदीप करमवेलकर राजीव अग्रवाल अजय वर्मा जी सी चौकसे डॉ निष्ठा त्यागी डॉ रूपाली बजाज डॉ एस एस भाखर एवम बीएमए मैनेजर अमीर ख़ान भी उपस्थित थे।

### एम्स के संकाय सदस्यों ने लखनऊ में कार्यशाला का आयोजन किया

**भोपाल।** एम्स के फिजियोलॉजी विभाग के संकाय सदस्यों डॉ. रुचि सिंह, डॉ. रागिनी श्रीवास्तव, और डॉ. रेखा जिवाने द्वारा लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (चतरू) में एसोसिएशन ऑफ फिजियोलॉजी ऑफ इंडिया के 9वें वार्षिक सम्मेलन में ब्रेनस्टेम ऑडिटरी इवोक्ड रिस्पॉन्स पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न संस्थानों के 25 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने टीम को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। ब्रेनस्टेम ऑडिटरी इवोक्ड रिस्पॉन्स (बीएईआर) न्यूरोफिजियोलॉजिकल परीक्षण नवजात शिशुओं की सुनने की क्षमता का आकलन करने के लिए विशेष रूप से उपयोग किया जाता है और न्यूरोसर्जिकल प्रक्रियाओं के दौरान इंट्रा-ऑपरेटिव निगरानी में भी सहायक होता है। प्रतिभागियों को दुनिया में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने का अनूठा अवसर मिला, जिससे उन्हें अपने नैदानिक और अनुसंधान कार्यों में इसे और प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्राप्त हुआ। कार्यशाला एक सहयोगात्मक और इंटरैक्टिव वातावरण में आयोजित की गई थी, जिससे उपस्थित लोगों को चर्चा में शामिल होने, प्रश्न पूछने और इस महत्वपूर्ण निदान प्रक्रिया के बारे में उनकी समझ को आगे बढ़ाने में काफी सहायता मिली।




**भोपाल।** बृजमोहन श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महामंत्री व प्रमुख राष्ट्रीय प्रवक्ता, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी अजीत पवार एनडीए सहयोगी, दुष्यंत गौतम राष्ट्रीय महामंत्री, भाजपा व पूर्व सांसद, गोविन्दा, सुविख्यात अभिनेता व पूर्व सांसद, मदनलाल शर्मा,पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी नई दिल्ली स्थित होटल अशोका में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

# प्रदेश में 19 दिन में 150 करोड़ 58 लाख से अधिक की हुई कार्रवाई

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद से प्रदेश में एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से विधानसभा निर्वाचन 2023 की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए उड़नदस्ता दल (एफएसटी), एसएसटी और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब, मादक पदार्थ, नकद रुपये, अमूल्य धातु, सोना चांदी, ज्वेलरी सहित अन्य सामग्रियां जब्त की गई है। संयुक्त टीमों द्वारा 9 से 27 अक्टूबर तक 150 करोड़ 58 लाख 36 हजार 316 रुपये की कार्रवाई की गई है। इमसें 19 करोड़ 74 लाख 18 हजार 994 रुपये की नकद राशि, 28 करोड़ 90 लाख 15 हजार 533 रुपये की 16 लाख 62 हजार 511 लीटर से अधिक की अवैध शराब, 10 करोड़ 12 लाख 3 हजार 350 रुपये के मादक पदार्थ, 53 करोड़ 55 लाख 82 हजार 585 रुपये के अमूल्य धातु, सोना-चांदी, ज्वेलरी और 38 करोड़ 26 लाख 15 हजार 854 रुपये की अन्य सामग्रियां जब्त की गई है। प्रदेश में वर्ष 2018 के विधानसभा निर्वाचन में (6 अक्टूबर से 28 नवंबर के बीच) आदर्श आचरण संहिता के दौरान 72 करोड़ 93 लाख रुपये की एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा कार्रवाई की गई थी, जबकि इस वर्ष 2023 के विधानसभा निर्वाचन में 19 दिन में 150 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक की कार्रवाई की गई है।

# 1500 से अधिक दो पहिया वाहनो की रैली निकालकर दिया गया मतदाता जागरूकता का संदेश

**भोपाल।** विधानसभा निर्वाचन - 2023 अंतर्गत मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने एवं मतदाता जागरूकता का संदेश देने अटल पथ से आयोजित दो पहिया वाहन रैली को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। कलेक्टर ने सभी को मतदान की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री ऋतु राज सिंह,जिला आपूर्ति नियंत्रक सुश्री मीना मालाकार सहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को आगामी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग किये जाने हेतु जागरूक करना है। दो पहिया वाहन रैली में शहर के विभिन्न शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेताओं एवं स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं द्वारा भाग लिया जायेगा।

स म्पा द की य

# विपक्षी एकता बनाम विधानसभा चुनाव

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में क्या विपक्षी गठबंधन बिखरता नजर आ रहा है? सवाल तो उठेगा ही। क्योंकि एक तरफ समूचा विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर केंद्र की एनडीए सरकार को घेर रहा है, लेकिन विपक्षी मोर्चे की एकजुट तस्वीर उस तरह से सामने नहीं आ रही, जैसे विपक्षी गठबंधन इंडिया बनने के बाद आई थी। गठबंधन के दल शुरू में जोर-शोर से मीटिंग करते हुए एकजुटता का प्रदर्शन कर रहे थे, पर विधानसभा चुनावों में ही एकता का बांध टूटता दिखाई देने लगा है।

इंडिया गठबंधन बनने के बाद विपक्षी खेमे में एक कॉर्डिनेशन कमिटी भी बनी, लेकिन इसकी पहली बैठक होने के बाद पिछले दो महीने से कोई गतिविधि नहीं हुई। बीच में शरद पवार जरूर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मिले थे, लेकिन उसके बाद शीर्ष नेताओं की कोई मुलाकात नहीं हुई। हालांकि पिछले दिनों में मध्य प्रदेश चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस और एसपी में खींचतान, कांग्रेस के क्षेत्रीय नेताओं और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर चला। इससे विपक्षी एकता पर सवाल उठने शुरू हो गए। आखिरकार राहुल गांधी ने मामले को शांत करना पड़ा। सत्ता में काबिज और विपक्षी गठबंधन पर लगातार हमलावर बीजेपी ने इस खींचतान पर न केवल भरपूर मजा लिया, बल्कि खूब कटाक्ष भी किए।

मौजूदा पांच राज्यों के चुनावों में विपक्षी मोर्चे का प्रमुख घटक कांग्रेस सबसे ज्यादा व्यस्त है, क्योंकि देखा जाए तो इन राज्यों में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के चुनावों में पूरी तरह से व्यस्त होने के कारण विपक्षी दल एक साथ मिलकर आगे की रणनीति पर मंथन नहीं कर पा रहे हैं। यही नहीं, कांग्रेस के जिन नेताओं के पास इन चुनावों की कमान है, कहीं न कहीं उन्हें लग रहा है कि कांग्रेस अकेले ही भाजपा का मुकाबला करने में सक्षम है।

विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का बहुत कुछ दांव पर लगा है। कांग्रेस के तमाम बड़े नेता चुनावी प्रचार व रणनीति में लगे हैं। कांग्रेस के अलावा, गठबंधन के कुछ अन्य दल जैसे आप और सप भी कुछ जगह मैदान में है। ऐसे में सभी दलों का मानना है कि असेंबली चुनावों के बाद ही लोकसभा चुनावों को लेकर आगे की रणनीति पर चर्चा हो तो बेहतर रहेगा। पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव के कुछ तीखे बयान जरूर आए, लेकिन बाद में वो सम्हल गए। कांग्रेसी नेताओं के बयानों में भी पहले के मुकाबले नरमी दिखाई दे रही है।

दूसरी ओर विपक्षी खेमे की नजरें कहीं न कहीं इन पांच राज्यों के चुनावी नतीजों पर भी रहेगी। इस चुनाव में कांग्रेस को बड़ी जीत मिलती है तो विपक्षी खेमे में उसकी स्थिति न सिर्फ मजबूत होगी, बल्कि वह केंद्रीय भूमिका में ज्यादा सशक्त तरीके से अपनी बात रख पाएगी। इसके अलावा, नतीजों पर ही इस मोर्चे की आगामी रणनीति तय होगी। कांग्रेस की बड़ी जीत होती है तो विपक्ष अलग तरह की रणनीति पर आगे बढ़ेगा। लेकिन अगर बीजेपी को जीत मिलती है तो विपक्ष को अपनी रणनीति पर नए सिरे से विचार करना होगा। विधानसभा चुनावों के नतीजे विपक्ष के सामने चेहरों, जमीनी मुद्दों सहित चुनाव को लेकर अपनी रणनीति बनाने में एक स्पष्टता देंगे। इसलिए विपक्ष को बेसब्री से नतीजों का इंतजार है।

असेंबली चुनावों के अलावा, पिछले डेढ़ दो महीने से विपक्षी गठबंधन के कई दल अपनी अपनी उलझनों में उलझे हुए हैं। इनमें कई दल व उनकी सरकारें अपने खिलाफ ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों की कार्रवाई से जूझ रही हैं, तो वहीं दूसरी ओर कुछ दलों के अपने दूसरे सियासी मसले हैं। इनमें आप और टीएमसी जैसे दलों पर एजेंसियों की कार्रवाई चल रही है। दोनों दलों में एजेंसियों की जांच की आंच शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचती दिख रही है। शराब घोटाले को लेकर दिल्ली में सीएम अरविंद और आप के दो अहम रणनीतिकार मनीष सिसोदिया व संजय सिंह फिलहाल जेल में हैं। वहीं टीएमसी में एजेंसियों की पकड़ वेस्ट बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी तक हो चुकी है। दूसरी ओर चुनाव के दौरान कांग्रेस शासित राजस्थान व छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर एजेंसियों के छापे पड़े। गठबंधन की शुरुआत से ही शरद पवार की पार्टी एनसीपी में न सिर्फ दो-फाड़ हुआ, बल्कि पवार खेमा अभी भी पार्टी पर अपनी पकड़ बनाने की लड़ाई चुनाव आयोग से लेकर कोर्ट तक में लड़ रहा है।

विपक्षी एकता की दिशा में अभी सीट शेयरिंग को लेकर तस्वीर साफ नहीं है। भले ही शुरुआती बैठकों में लोकसभा चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग पर आपसी सहमति बन गई हो, लेकिन आम चुनावों से पहले सेमिफाइनल कहे जाने वाले इन असेंबली चुनावों में इंडिया के विभिन्न घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर कोई सहमति नहीं बनी। यही वजह है कि गठबंधन के बावजूद आप, कांग्रेस, एसपी और जेडीयू आपस में टकरा रहे हैं। माना जा रहा है कि ये दल अपना जनाधार बढ़ाने या विस्तार की आकांक्षा को लेकर ऐसा कर रहे हैं। मसलन, मध्य प्रदेश में जेडीयू ने 10 सीटों तो एसपी ने 45 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इसी तरह आप राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में चुनावी मैदान में है।

राजनीतिक विश्लेषक का मानना है कि इन लोगों ने अपनी गतिविधियां फिलहाल रोक कर चुनाव के नतीजों तक इंतजार करने का फैसला किया है। इन लोगों को लगता है कि नतीजे आने के बाद आगे की रणनीति तय करना बेहतर होगा। उसके बाद विपक्ष आकलन करेगा कि मोदी सरकार के खिलाफ जमीन पर लोगों के मन में क्या है। दरअसल, इन सभी राज्यों में पीएम मोदी अपने आप को दांव पर लगा रहे हैं। वह अपने क्षेत्रीय नेताओं पर तो भरोसा कर नहीं पा रहे। बीजेपी का सारा अभियान मोदी पर शुरू होकर उन्हीं पर खत्म हो रहा है। विपक्षी मोर्चे के कई दल चुनावी मैदान में आमने-सामने हैं। ऐसे में विपक्ष की बैठक होती है तो इनके आपस में उलझने का खतरा है। इसलिए विपक्ष फिलहाल इसे अवॉयड कर रहा है।

सारा दारोमदार पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणामों पर निर्भर है। एक तो विधानसभा चुनाव के बाद राजनीति में परिवर्तन आना सुनिश्चित है। और फिर लोकसभा चुनाव की असल राजनीति शुरू होगी। तब विपक्ष की एकता को लेकर फिर से कवायदें शुरू होंगी। भाजपा लगातार जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर विपक्ष के कटघरे में है, इसके बाद भी लगातार विपक्षी नेताओं के यहां छापामार कार्रवाई चल रही है। यदि यह जारी रहती है तो विधानसभा चुनावों का परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा। लोकसभा की असल हलचल दिसंबर के बाद से ही शुरू होगी। जनवरी में राम मंदिर के लोकार्पण का मुदद्ा भाजपा अभी से उठाने लगी है। उसका प्रयास तो यहां तक है कि वह राम मंदिर का मुद्दा पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में उठे और कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे राज्यों के मुद्दे इसमें दब कर रह जाए। इसमें पहले तो उन्हें सफलता मिलती रही है, इस बार कितनी सफलता मिलती है, यह देखना होगा। यह देखना होगा कि राज्यों के विधानसभा चुनावों में स्थानीय मुद्दों की कितनी हिस्सेदारी होती है और एंटी इन्कम्बेंसी की कितनी भूमिका रहती है?




# नाराजगी उमा भारती की और पार्टी का नजरिया

**सुरेश तिवारी**

उमा भारती को भाजपा में चिर असंतुष्ट माना जाता है। वे कब, किस बात पर रूठ जाएं कोई नहीं जानता!



पिछले करीब दो साल में वे ऐसी कई हरकतें कर चुकी है, जिससे शिवराज सरकार कटघरे में खड़ी हुई। सरकार की शराब नीति को लेकर बयानबाजी, रायसेन और विदिशा जिले के मंदिरों पर पुरातत्व विभाग के आधिपत्य पर धरना जैसे कई कांड वे कर चुकी हैं।

उनकी ताजा नाराजगी का कारण अभी पार्टी को समझ नहीं आया। इसलिए कि उमा भारती ने बिना कुछ बोले चुनाव के मौसम में हिमालय पर जाने का ऐलान कर दिया। बात किसी की समझ में नहीं आ रही, पर समझने वालों का कहना है कि उनके समर्थकों को टिकट नहीं मिले, इसलिए उन्होंने अपने आपको चुनाव से अलग कर लिया।

कुछ दिन पहले एक कथित फर्जी पत्र वायरल हुआ था जिसमें 29 नाम थे। यह लिस्ट उमा भारती के लेटर पैड पर लिखी हुई थी। लेकिन, इस लिस्ट में से उमा भारती के किसी समर्थक को टिकट नहीं मिला। अनुमान लगाया जा रहा कि इसके अलावा ऐसा कोई कारण नहीं है, जो उमा भारती रूठें! लेकिन, लगता है पार्टी ने उनकी नाराजगी पर कान नहीं धरे और उन्हें हिमालय यात्रा पर जाने दिया।

**जयवर्धन नदारद, तो नकुलनाथ स्टार प्रचारक कैसे**



विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को कांग्रेस ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की। लिस्ट में कोई चौंकाने वाला नाम नहीं है। पर, कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ का इस लिस्ट में नाम होना और दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन का नाम न होना अखरता है। अभी तक किसी ने कभी नकुलनाथ का यादगार भाषण नहीं सुना।

नकुलनाथ की पूरे प्रदेश में पहचान भी नहीं है। जबकि, जयवर्धन सिंह न सिर्फ अच्छे वक्ता हैं, बल्कि राजनीतिक नजरिए से उन्हें रणनीतिकार भी माना जाता है। ऐसी स्थिति में उनका स्टार प्रचारकों की लिस्ट में नाम न होने को पार्टी को उसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। चर्चा यह भी है कि कहीं दिग्विजय सिंह की ताज़ी नाराजगी का कारण यही तो नहीं है!

इस लिस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के अलावा कुछ ऐसे नाम भी हैं जिनकी अच्छे वक्ता के रूप में पहचान नहीं है। कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में सचिन पायलट और कन्हैया कुमार के नाम प्रभावित करने वाले हैं। ऐसे में जयवर्धन सिंह को शामिल नहीं किया जाना कई कांग्रेसियों को हजम नहीं हुआ।

**कांग्रेस के दो ध्रुवों में खींचतान!**



कांग्रेस के दो बड़े नेताओं दिग्विजय सिंह और कमलनाथ में सब कुछ सामान्य है? इन दिनों इस सवाल का जवाब गंभीरता से तलाशा जा रहा है। विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों के सिलेक्शन में दोनों की ही चली। लेकिन, बताते हैं कि कुछ टिकटों को लेकर दोनों में मतभेद उभरे। इसी का नतीजा था कि पार्टी के फैसले के खिलाफ कई जगह बगावत हुई और कार्यकर्ता सड़क पर आ गए! कमलनाथ का कुर्ता फाड़ बयान इसी मतभेद की कोख से जन्मा था।

कहा गया कि कमलनाथ और उनके कुछ सेनापतियों के रवैये से नाराज होकर दिग्विजय सिंह ने अपने कई चुनावी कार्यक्रम भी बदल दिए थे। सबसे ज्यादा नाराजगी की वजह सज्जन वर्मा और राजीव सिंह को बताया जा रहा है। दिग्विजय सिंह तो इतने खफा थे कि वे सज्जन वर्मा के घर पहुंच गए और कई मुद्दों पर खुलासा किया। कई सीटों को लेकर बातचीत हुई।

लेकिन, अभी भी कुछ सीटें ऐसी है जहां तनातनी बनी हुई है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि शुजालपुर सीट पर सबसे ज्यादा खींचतान मची हुई थी। यहां से दिग्विजय सिंह चाहते थे कि योगेंद्र सिंह 'बंटी बना' को चुनाव का मौका दिया जाए, पर पार्टी ने फिर रामवीर सिंह सिकरवार को टिकट दिया। अभी यह पता नहीं चला कि मसला हल हुआ या नहीं, पर दिग्विजय सिंह की नाराजगी जल्दी ठंडी नहीं होती!

**बुधनी में सक्रिय कार्तिकेय के अलग मायने**

शिवराज सिंह चौहान के चुनाव क्षेत्र बुधनी में उनके बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान चुनाव प्रचार में सक्रिय हैं। वे न सिर्फ प्रचार कर रहे हैं, बल्कि लोगों को बुधनी के विकास की कहानी भी सुना रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर भी लिखा 'बच्चे-बच्चे की जुबान पर बुधनी के विकास की कहानी है। बुधनी फिर एक नया इतिहास रचने को तैयार है। आज बुधनी विधानसभा के रेहटी और भैरुन्दा में चुनाव कार्यालय के शुभारंभ पर कार्यकर्ताओं से संवाद किया।'

विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री के बड़े बेटे कार्तिकेय इन दिनों सक्रिय हैं। उनकी इस सक्रियता से उनके भविष्य में राजनीति में आने के कयास लगाए जा रहे हैं। यह भी माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री की व्यस्तता के कारण उनके बेटे ने लंबे समय से विधानसभा का जिम्मा संभाल रखा है।

इसमें शक नहीं कि बुधनी भाजपा की अजेय सीट है और इसलिए कांग्रेस ने भी यहां उम्मीदवार के सिलेक्शन में ज्यादा गंभीरता नहीं दिखाई और सीरियल में हनुमान बने कलाकार को उम्मीदवार बनाया।

**उषा ठाकुर के विरोध को कितनी तवज्जो मिलेगी**



शिवराज सरकार के तीन को छोड़कर अधिकांश मंत्रियों को टिकट दिया गया। लेकिन, किसी मंत्री को लेकर इतना विरोध नहीं पनपा जितना उषा ठाकुर के खिलाफ महू में हुआ है। चुनाव से पहले ही महू में स्थानीय उम्मीदवार की मांग को लेकर शहर में होर्डिंग लग गए थे। लेकिन, पार्टी ने जब बात नहीं सुनी तो दशहरा मिलन के बहाने फिर विरोध सभा हुई।

गोशाला परिसर में हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उषा ठाकुर के कार्यकाल को बोगस बताते हुए पार्टी से टिकट बदलकर स्थानीय व्यक्ति को देने कि मांग की। स्थानीय भाजपा नेता राधेश्याम यादव, अशोक सोमानी, शेखर बुंदेला, रामकरण भामर के साथ कुछ आदिवासी सरपंचों ने भी उषा ठाकुर पर जनता से भेदभाव के आरोप लगाए। ये पहला अवसर है जब महू में भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ विद्रोह जैसे हालात बने!

इसके बावजूद पार्टी ने इन विद्रोहियों को तवज्जो नहीं दी। स्थानीय कार्यकर्ताओं का अल्टीमेटम है कि यदि उषा ठाकुर को हटाया नहीं गया तो निर्दलीय उम्मीदवार उतारा जाएगा। सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन है, यदि कोई फैसला नहीं हुआ तो देखना है कोई निर्दलीय उम्मीदवार उतरता है या नहीं! उधर, कांग्रेस में भी अंतरसिंह दरबार ने विरोध का झंडा थाम रखा है।

**रुठों को मनाने का दौर**

दिल्ली में इन दिनों राजनीतिक पार्टियों पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों की सूचियों जारी करने मे व्यस्त हैं। कांग्रेस और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने रुठों को मनाने के लिए कई दौर की बैठकें की। कई मान भी गये लेकिन कुछ नही माने। बसपा और सपा का शीर्ष नेतृत्व लखनऊ से फरमान और बयान जारी कर रहा है।

**दिल्ली के सत्ता के गलियारों में दो अधिकारियों को लेकर बडी चर्चा**

दिल्ली के सत्ता के गलियारों में इन दो अधिकारियों



को लेकर बड़ी चर्चा है। एक है अमिताभ कांत जो फिलहाल भारत के शेरपा है और इनकी जी20 में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

वे केरल काडर के 1980 बैच के अवकाश प्राप्त आईएएस अधिकारी हैं। हर्ष श्रृंगला दूसरे अधिकारी है वे इस समय जी20 सचिवालय के प्रभारी हैं। वे विदेश सचिव पद से रिटायर हुए है। 30 नवंबर को इन दोनो अधिकारियों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इस बात की चर्चा जोरों पर है कि इन्हें कोई पद फिर मिलेगा। बताया जाता है कि दीपावली के बाद ही इन दोनो अधिकारियों के बारे में कोई फैसला लिया जा सकता है।

# कतर की कुटिलता

**ब्रह्मदीप अलूने**

दुनिया के अलग अलग क्षेत्रों में वैधानिक सत्ता के खिलाफ हिंसक संघर्ष करने वाले इस्लामिक कट्टरपंथी समूहों को वार्ता की मेज पर बिठा लेने में माहिर क़तर की वैदेशिक नीतियां विरोधाभासों से घिरी हुई रही है। यही कारण है की 2017 में, सऊदी अरब,संयुक्त अरब अमीरात,मिस्र और बहरीन ने,उस पर ईरान के क़रीब होने और अल जज़ीरा के माध्यम से क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाते हुए उसके साथ संबंध तोड़ दिए थे। दुनिया के सम्पन्न राष्ट्रों में शुमार साढ़े तीन लाख आबादी वाले इस देश में तालिबान और हमास जैसे आतंकी संगठनों के कार्यालय भी मिल जायेंगे,वहीं अल जजीरा जैसे चैनल के माध्यम से खाड़ी देशों की जनता को भ्रमित करने की कोशिशें भी दिख जाएगी। यह वहीं अल जजीरा है,जिसनें दुनिया को धमकाने के लिए पहली बार चरमपंथियों को लोगों का सिर काटते हुए दिखाया था।

दरअसल कतर में आठ भारतीय पूर्व नौसैनिकों को पिछलें साल सितम्बर में बंदी बनाने और उन्हें मौत की सजा सुनाने के मामले में कतर सरकार की भारत को लेकर जो नीतियां नजर आई है,वह अविश्वसनीय है। छल,कपट,द्वेष और प्रतिद्वंदिता की कूटनीति दुश्मन देशों के बीच तो सकती है,लेकिन कतर से इसकी अपेक्षा नहीं की जा सकती थी। कतर और भारत के आर्थिक और राजनीतिक सम्बन्ध बेहतर रहे है लेकिन उसका भारत के पूर्व नौसैनिकों को लेकर किया गया व्यवहार बेहद असंगत नजर आता है। सितंबर 2022 में क़तर सरकार ने आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को गिरफ़्तार करने की सूचना भारत सरकार को नहीं दी गई थी। यह समूचा मामला एक ट्विट के बाद संज्ञान में आया। जिन भारतीयों को कतर सरकार ने बंदी बनाया वे भारतीय नौ सेना के जिम्मेदार,बेदाग और रिटायर्ड अधिकारी थे। इन पूर्व नौसैनिकों पर आरोप है कि उन्होंने कथित तौर पर अति उन्नत इतावली पनडुब्बी को ख़रीदने से संबंधित क़तर के ख़ुफ़िया कार्यक्रम के बारे में इसराइल को जानकारी दी थी।



यह भी दिलचस्प है की अमानवीय कृत्यों के लिए कुख्यात आतंकियों और उनके संगठनों से बातचीत की हिमायत करने वाले कतर ने भारतीय नौसैनिकों को लेकर कैदियों के अंतराष्ट्रीय नियमों का पालन भी नहीं किया। न्याय को लेकर कोई पारदर्शिता नहीं दिखाई और न ही सूचनाएं साझा की गई। खाड़ी के देशों में न्याय को लेकर विभिन्न सरकारों का नजरियां मध्ययुगीन रहा है और संभवत: इसीलिए सम्पन्न होने के बाद भी यह इलाका हिंसा और रक्तपात से कभी उभर ही नहीं पाता है।

मध्यस्थता के रूप में वैश्विक पहचान बना चूके कतर ने भारत जैसे महान लोकतंत्र के नागरिकों को जिस प्रकार निशाना बनाने की कोशिश की है,उससे एक बार फिर यह साफ हो गया की इस देश की मानवाधिकारों को लेकर वैश्विक आलोचना क्यों होती है। क़तर दुनिया के सबसे धनी देशों में शामिल है और यहां गरीबी पर सार्वजनिक चर्चा करने को अपराध माना जाता है। मुख्य रूप से तेल और गैस से मिलने वाली आय के कारण क़तर का सकल घरेलू उत्पाद 180 अरब डॉलर का है। यही कारण है कि दसियों लाख अप्रवासी मज़दूर यहां के रेगिस्तान में बड़े पैमाने पर हो रहे निर्माण परियोजनाओं में काम करने के लिए आकर्षित होते हैं।

इन कामगारों की ग़रीबी को छुपाने के लिए इन्हें अलग-थलग और बहुत दुर्गम को जगहों पर रखा जाता है। क़तर की सरकार ने फीफा विश्व कप के लिए स्टेडियमों को बनाने के लिए तीस हजार विदेशी कामगारों को काम पर रखा गया था। इनमें से अधिकांश बांग्लादेश, भारत, नेपाल और फ़िलीपींस से थे । विश्वकप की तैयारी के दौरान मरने वाले कामगारों की संख्या को लेकर काफ़ी विवाद रहा है। क़तर में स्थित तमाम देशों के दूतावासों से मिले आंकड़े बताते हैं कि साल 2010 में जबसे वर्ल्ड कप की मेज़बानी क़तर को सौंपी गई,तबसे भारत, पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका के साढ़े छह हजार कामगारों की मौत हुई। जबकि कतर ने इसे भ्रामक बताया था। महिलाओं को लेकर भी इस देश में बेहद क्रूर व्यवहार अपनाया जाता है। यहां पर महिलाओं अपनी ज़िंदगी के हर ज़रूरी और अहम फ़ैसले के लिए अपने पुरुष गार्जियन की लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होता है। अगर आपके पास ये अनुमति नहीं है तो आप फ़ैसला नहीं ले सकते हैं,चाहे फिर ये कॉलेज में दाख़िला लेना है, विदेश में पढ़ना हो,शादी करनी हो या फिर तलाक़ लेना हो।

हालांकि भारतीय नौसैनिकों को लेकर कतर के अमानवीय दृष्टिकोण के साथ साथ उसकी इस्लामिक देशों में बढ़त बनाने की कूटनीति से भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। इस्लामिक दुनिया के नेतृत्व को सऊदी अरब,ईरान और तुर्की के बीच कड़ी प्रतिद्वंदिता चलती रही है लेकिन कतर ने गृह युद्द से जूझते इस्लामिक देशों में अपनी जो पहचान बनाई है,वह उसकी कुटिलता को सामने लाती है। क़तर ने 2008 में यमन की सरकार और हूती विद्रोहियों के बीच मध्यस्थता की। 2008 में लेबनान के युद्धरत गुटों के बीच वार्ता में मध्यस्थता की,जिसके बाद वहां 2009 में गठबंधन की सरकार बनी। 2009 में ही सूडान और चाड के बीच विद्रोहियों के मुद्दे पर बातचीत में भाग लिया। जिबूती और इरिट्रिया के बीच सीमा पर सशस्त्र संघर्ष के बाद कतर की मध्यस्थ की भूमिका के साथ 2011 में सूडान की सरकार और विद्रोही समूह के बीच दारफ़ूर समझौता कराया,जिसे दोहा समझौता भी कहा जाता है। 2012 में हमास और फ़तह समूहों के बीच भी,शांति और अंतरिम सरकार बनाने के समझौते में क़तर की अहम भूमिका थी और इस समझौते पर भी हस्ताक्षर दोहा में ही किए गए थे। वहीं तालिबान और अमेरिका के बीच अफ़ग़ानिस्तान से वापसी का समझौता करवाकर भी कतर ने मिसाल कायम कर दी थी।

इस समय हमास और इजराइल में भीषण युद्द चल रहा है और भारत ने इजराएल का पक्ष में खड़े होने का साहस दिखाते हुए खाड़ी देशों को भी चौंका दिया है। यह भारत की फिलिस्तीन नीति को लेकर पारम्परिक रुख से अलग बताया जा रहा है। कतर ने भारतीय अधिकारियों पर इजराएल के लिए जासूसी का आरोप लगाकर खाड़ी देशों में काम करने वाले लाखों भारतीयों की विश्वसनीयता का संकट खड़ा कर दिया है।

कतर की भारत पर दबाव बनाने की यह कोशिश भी हो सकती है की वह अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर इजराएल को गजा पर हमला करने से रोके। 2008-2009 के इज़राइल-गाजा संघर्ष को लेकर कतर ने अरब राज्यों और ईरान के एक आपातकालीन सम्मेलन की मेजबानी की थी। कतर और इजराएल के राजनयिक सम्बन्ध नहीं है। इजराइल,हमास को लेकर बेहद गुस्से में है। जाहिर है कतर, इजराइल के मित्र देश भारत पर मनौवैज्ञानिक दबाव डालने की कोशिश कर रहा है। भारत के लिए अपने नागरिकों को बचाना बड़ी चुनौती होगी वहीं यह कूटनीतिक बदलावों के लिए सबक भी हो सकता है।

# सोशल मीडिया के ये स्याह पहलू

**-राकेश दुबे**

सोशल मीडिया के नशे को नियंत्रित करने व बड़ी तकनीकी कंपनियों को जवाबदेह बनाने की मांग भारत समेत पूरी दुनिया में उठ रही है। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विश्व्व्यापी चिंताये आकार लेने लगी हैं। भारत में भी सोशल मीडिया के नशे के युवाओं के सिर चढ़कर बोलने पर गाहे-बगाहे चिंता जतायी जाती है। इसकी वजह से जहां एक ओर उनकी एकाग्रता भंग होती है, वहीं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताएं भी परेशान करने वाली हैं।

देश में कई ऐसे मामले खबरों की सुर्खियां बने हैं, जब इस लत से रोकने वाले अभिभावकों पर किशोरों द्वारा प्राणघातक हमले किये गये। अब सोशल मीडिया के स्रोत संयुक्त राज्य अमेरिका के दर्जनों राज्यों ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाकर फेसबुक व इंस्टाग्राम की स्वामित्व वाली कंपनी मेटा पर मुकदमें दर्ज कराये हैं। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि एक नशे की लत के रूप में सोशल मीडिया को प्रोत्साहित करके मोटा मुनाफा कमाने वाली कंपनियां अपने सामाजिक दायित्वों से बच रही हैं। साथ ही जोड़-तोड़ की कोशिशों से अपने मंसूबों को विस्तार दे रही हैं।

दुनिया भर में अभिभावक, शिक्षक, देखभाल करने वाले व नीति निर्माता वर्षों से सोशल मीडिया से बच्चों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभावों के बारे में चेताते रहे हैं। कई शोधों के निष्कर्ष हैं कि सोशल मीडिया पर लंबा समय बिताने के चलते किशोरों में अवसाद, चिंता, अनिद्रा व खान-पान संबंधी विकार सामने आए हैं। वहीं मेटा के अधिकारियों की दलील है कि उसने किशोरों व परिजनों को सुरक्षित सुविधा प्रदान करने के लिये कई कारगर विकल्प पेश किये हैं। कानूनी प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन रहने के दौरान युवाओं पर पड़ने वाले प्रभावों का जिक्र किया गया है। आरोप है कि इस लत के आदी युवाओं में संवेदनशीलता कम हो रही है। उनमें आत्मबोध से विमुख होने व कल्याण की भावना के प्रति उदासीन होने जैसे भाव उपजते हैं।

सर्व ज्ञात तथ्य है कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों द्वारा गैरजिम्मेदार व्यवहार के चलते कई नामचीन कंपनियों मेटा, टिकटॉक व यूट्यूब पर अमेरिका में पहले ही सैकड़ों मुकदमें चल रहे हैं, लेकिन मौजूदा पहल अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। यदि इन मामलों में कोई निर्णायक फैसला आता है तो नतीजे वैश्विक प्रभाव वाले हो सकते हैं। इसकी लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही है कि इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के लिये नये ऑनलाइन सुरक्षात्मक प्रावधान किये जाएं। जो कम उम्र के बच्चों के स्वास्थ्य के मद्देनजर निर्धारित हों।

विशेषज्ञों की राय है कि सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाना ऑनलाइन सुरक्षा का विकल्प नहीं हो सकता। इसके बजाय डिजिटल साक्षरता और गोपनीयता पर जोर दिया जाना चाहिए। जाहिर है कि सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के माता-पिता के प्रयासों का बच्चे विरोध करेंगे। इसलिये अभिभावकों को सुरक्षात्मक तरीके से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करना चाहिए।

जैसे सोने जाने से पहले स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय को सीमित किये जाने के लिये बच्चों से विमर्श किया जाना चाहिए। उन्हें देर रात तक सोशल मीडिया पर बने रहने से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभावों से अवगत कराना चाहिए। उन्हें उस आशंका से मुक्त कराने के प्रयास हों, जिससे उन्हें लगता कि कुछ छूट गया है। उन्हें इस चर्चा के लिये प्रोत्साहित करें कि किस तरह की सामग्री उनके लिये उपयोगी है। उनसे पूछा जाये कि क्या देखने से वे ऊर्जावान महसूस करते हैं या खुद को कमजोर महसूस करते हैं।

इस विश्वव्यापी संकट के तमाम तरह के घातक परिणाम देखने में आए हैं। जो अभिभावकों की गहरी चिंता का विषय हैं। इसकी एक मुख्य वजह यह भी है कि बच्चे इंटरनेट पर उपलब्ध अश्लील सामग्री से अपरिपक्व उम्र में रूबरू हो रहे हैं। जिसके चलते समाज में अल्पवयस्कों में यौन अपराधों की वृद्धि घातक स्तर तक हो रही है। वहीं दूसरी ओर बच्चे भी आपराधिक तत्वों की प्रताड़ना का शिकार बन रहे हैं। इस प्रवृत्ति को रोकने के लिये घर व स्कूल में बच्चों को सोशल मीडिया के स्याह पहलुओं से अवगत करना जरूरी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## निःशक्त मतदाताओं को घर-घर जाकर डाक मतपत्र द्वारा मतदान सम्पन्न कराने हेतु अधिकारी, कर्मचारियों का प्रशिक्षण आज

दमोह अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने बताया विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु 80 + एवं निःशक्त मतदाताओं को घर-घर जाकर डाक मतपत्र द्वारा मतदान सम्पन्न कराने हेतु अधिकारी/कर्मचारियों को आज 30 अक्टूबर को शासकीय मॉडल कॉलेज बरपटी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक, दोपहर 12ः20 बजे से 2ः30 बजे तक एवं अपरान्ह 03 बजे से शाम 05 बजे तक कक्ष क्रमांक 01, 02 एवं 03 में नियुक्त किये गये मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया है कि निर्धारित दिनांक, समय एवं स्थान पर प्रशिक्षण प्रारंभ होने के 30 मिनिट पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करें।

## ब्राम्हण के मुख से जाने वाला भोजन इंसान को नहीं परमात्मा को प्राप्त होता हैः अभाब्राएप

शहडोल। ब्राह्मण जब भोजन प्राप्त करता है तो उसका प्रसाद परमात्मा को मिलता है इसी कारण से सभी शुभ अशुभ कार्यों में ब्राम्हणो को सर्वोच्च पदवी दी जाती है साथ ही सभी कार्यो मे ब्राम्हणो को पूजा जाता है यह सभी बाते अभाब्राएप के मंच तले कही गयी। बीते रविवार को शहडोल के होटल शिवम् मे अखिल भारतीय ब्राम्हण एकीकृत परिषद की प्रथम बैठक संपन्न हुई 7बैठक मे जे पी तिवारी ने कहाँ की हर क्षेत्र मे एक ब्राम्हण है जो सबसे शक्तिशाली है परंतु इस जातिवाद वाले संसार मे उनझे होने के कारण आगे नहीं आ पा रहा है उन सभी को हमे एकत्रित कर आगे लाना है क्यूंकि केवल एक ब्राम्हण ही है जो सभी का कर्णधार है7बैठक की शुरुआत भगवान परसुराम के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुई जिसके पश्चात् बैठक मे आये सभी अतिथियों का स्वागत फूल माला से किया गया, बैठक मे आये हुए सभी सदस्यो कार्यकर्ताओ को परिषद के पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र के माध्यम से उनके दायित्वों से अवगत कराया गया, वही बैठक मे वार्षिक एजेंडा तैयार कर आये हुए सदस्यो के सवालों जैसे ब्राम्हणो का नशा करना, मांस का सेवन,शादी से तलाक, विवाद भेदभाव आदि पर एक प्रारूप तैयार कर कार्य करने और जल्द से जल्द उसपर रोक लगाने की बात कही गयी 7बैठक मे परिषद के पदाधिकारियों सहित शहडोल संभाग से आये हुए ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता व सदस्य मौजूद रहे।

## भविष्य में हर किसान का क्रेडिट कार्ड बनाया जाएगाः रविंद्र झोले

शहडोल। शासन की विभिन्न योजनाओं को ग्राहकों तक पहुंचने में बैंक मित्रों की अहम भूमिका रहती है यह बातें होटल शुभम पैलेस की बैंक मित्र यूनियन की बैठक में कही गई। बीते रविवार को मध्य प्रदेश ऑल बैंक मित्र यूनियन का दीपोत्सव बैंक मित्र यूनियन समारोह संपन्न हुआ 7 बैठक में यूनियन के जिला अध्यक्ष ने कहा कि सभी बैंक मित्र क्षेत्र की जनता के लिए काम कर रहे हैं जिसमें उनके प्रमुख उद्देश्य जनता की सहायता, दुर्घटना, बीमा संबंधी समस्त सहयोग प्रदान किया जा सके, उन्होंने कहा कि आज जो लोग शहर की दूरी न तय कर अपने घर की कुछकम दूरी पर ही अपने खाते से पैसों का लेनदेन कर पा रहे है इसमें सबसे बड़ा योगदान बैंक मित्रों का है 7 कार्यक्रम का संचालन भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया 7 बैठक में सभी बैंकों से आए प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा बैंक मित्रों का उत्साहवर्धन उनके कार्यों की सराहनी की गई, भविष्य में आने वाली योजनाओं कार्यो उद्देश्य से रूबरू कराया गया 7 कार्यक्रम को सफल संचालन देवेंद्र सिंह द्वारा किया गया 7 कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एसबीआई क्षेत्रीय प्रबंधक अमित भगत, एल क्यू एम शहडोल एस सी माझी,नाबार्ड शहडोल रविंद्र झोले, मयंक मिश्रा क्षेत्र प्रबंधक इंडियन बैंक, आशीष पांडे उपक्षेत्रीय प्रबंधक एमसीबी शहडोल सहित प्रमुख पदाधिकारी वह भारी संख्या में बैंक मित्र व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जावरा के पिपली बाजार में होगी मुख्यमंत्री श्री चौहान की आम सभा



रतलाम । विधानसभा चुनाव में जावरा प्रत्याशी डॉ राजेंद्र पांडेय के समर्थन में 31 अक्टूबर मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की आम सभा होगी 7 श्री चौहान जावरा के पिपली बाजार में दोपहर 12.30 बजे जनसभा को संबोधित करेगे। विधानसभा प्रभारी महेश सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री चौहान की सभा में भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय के साथ क्षेत्र के कई वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे 7 रविवार को मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर कलेक्टर भास्कर लक्षकार, पुलिस अधीक्षक राहुल लोढ़ा, एसडीएम अनिल भाना, सीएसपी दुर्गेश आरमो आदि प्रशासन के आला अधिकारियों ने सभा स्थल का मौका मुआयना कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। मुख्यमंत्री की सभा को लेकर कार्यकर्ताओ में काफी उत्साह है और सभी आयोजन की तैयारियों में लग चुके है। विधानसभा सह प्रभारी बद्रीलाल शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश बग्गड़, राजेंद्र सिंह गुड़रखेड़ा, अमित पाठक, राजेश शर्मा, विधानसभा मीडिया संयोजक प्रफुल जैन ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या मे सभा में पहुँचने की अपील है।

## संगम सेवालय ट्री एम्बुलेंस ने की पौधों की देखरेख



छतरपुर। संगम सेवालय की टीम ट्री एम्बुलेंस टीम के द्वारा न्यू कॉलोनी में अपने द्वारा तैयार किए गए सगम पार्क में पौधों की देखभाल की सबसे पहले यहाँ पर उग आई खरपतवार की सफाई की गई उसके बाद पौधों की गुडाई करके उनमें पानी डाला गया संगम सेवालय के सदस्य दिल्ला राम अहिरवार जी ने बताया कि हमारी टीम ने पिछले साल न्यू कॉलोनी में इस जगह पर बने कचड़ा स्थल को साफ करके यहाँ जाली लगाकर एक संगम पार्क का निर्माण कर 55 पौधे का एक अर्बन फॉरेस्ट बनाया था पौधों की लगातार देखरेख के कारण सभी पौधे विकसित होकर लगभग 6 फ़ीट के नो गए है यहां पर बाहर की तरफ फूल और अंदर की तरफ फल वाले पौधे लगाए गए है जिनका उपयोग कॉलोनी वाले करेंगे हमारी टीम का मुख्य उद्देश्य शहर को हरा भरा बनाना है आज विपिन अवस्थी,अनंतराम चौबे,दिल्लाराम अहिरवार,हरेन्द्र सिंह चंदेल,इंद्रा सिंह प्रमोद रैकवार, जीतेंद्र शर्मा, गौतम विश्वकर्मा उपस्थित रहे

# भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने नगर के अनेक वार्डो में किया सघन जनसंपर्क



सिवनी- सिवनी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात, कृषि, अधोसंरचना के जितने अधिक कार्य भाजपा सरकार में हुये कांग्रेस ने कभी नहीं कराये, सिवनी नगर को सुंदर और व्यवस्थित करने के लिये मैने अपनी सरकार के माध्यम से बहुत काम कराये है। कोरोना जैसी महामारी के समय भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के साथ मानव जीवन को बचाने का जो ईश्वरीय कार्य किया गया है उसकी कांग्रेस से कभी कल्पना नहीं की जा सकती है।

उक्ताशय के विचार सिवनी विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने आज सिवनी नगर के अनेक वार्डो में सघन जनसंपर्क के दौरान कही।

सिवनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने आज नगर के दुर्गा चौक स्थित मां राजराजेश्वरी मंदिर में दर्शन व पूजा अर्चन के साथ जनसंपर्क अभियान प्रारंभ किया। श्री राय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने वैश्विक संकट कोरोना के समय मानव जीवन की रक्षा के लिये कार्य किया वह उनके समर्पण का जीता जागता उदाहरण रहा है और मैने इनके समर्पण भाव को देखकर अपने आप को तन मन धन से झौंक दिया था। श्री राय ने कहा कि सिवनी नगर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिये मैने संकल्प लिया है और सिवनी नगर के लिये मास्टर प्लान तैयार किया जायेगा। सुंदर सड़के, नगर की स्वच्छता के लिये संसाधन, पेयजल की बेहतर व्यवस्था के लिये तेजी से प्रयास किये जा रहे है। नगर के तालाबो को सुंदर बनाने के साथ ही इन्हें पवित्र और रमणिक स्थल बनाये जाने के प्रयास तेजी से चल रहे है। सुंदर गार्डन तैयार करने की विस्तृत योजना है। दिनेश राय मुनमन ने कहा कि मेडिकल कालेज बनकर तैयार है आने वाले समय में कृषि महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, नगर यातायात दबाव को कम करने के लिये एमआर-1 एमआर-2 के प्रस्ताव तैयार है । श्री राय ने कहा कि नगर को व्यवस्थित करने के साथ ही अगले चरण में नगर को प्रदेश में स्वच्छ जिला बनाने का हमारा संकल्प रहेगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री राय द्वारा नगर के सुभाष वार्ड,सुनारी मोहल्ला जगन्नाथ मंदिर, शहीद वार्ड, अभिषेक कॉलोनी, आधुनिक कॉलोनी, विवेकानंद वार्ड, आज़ाद वार्ड, संजय वार्ड,अशोक वार्ड मे जनसंपर्क कर बुजुर्गो, माताओं एवं बहनों से आशीर्वाद आशीर्वाद प्राप्त किया। तथा जगह-जगह युवाओं द्वारा फूलमालाओं, शाल श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं समर्थकों एवं बड़ी संख्या मे आमजन उपस्थित रहे।

## प्रहलाद पटेल चुके हुऐ नेता हैं- पंकज शर्मा

सिवनी- जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के जिला संगठन मंत्री एड. पंकज शर्मा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रहलाद पटेल 2 बार सिवनी, 1 बार बालाघाट व 2 बार दमोह से सांसद रह केंद्रीय राज्य मंत्री के तौर पर कार्य कर रहे हैं। सिवनी सांसद के तौर पर प्रहलाद पटेल की उपलब्धि शून्य है, इसी तरह बालाघाट व दमोह के सांसद रहते हुऐ भी इनकी उपलब्धियों के एक भी पत्थर लोकसभा क्षेत्रों में दिखाई नहीं देते है। केन्द्रीय राज्यमंत्री के रूप में भी सिवनी जिले को लाभांवित करने का कोई कार्य इनके द्वारा किया ही नहीं गया है। वे संसदीय क्षेत्र में गुटबाजी फैलाने के अलावा अन्य कोई कार्य करते ही नहीं है, यदि सिवनी संसदीय क्षेत्र में एक भी भूमिपूजन या शिलान्यास का पत्थर भी लगा हो तो भाजपा बताऐ, अलबत्ता सिवनी की डालडा फैक्ट्री, लोहा फैक्ट्री व डिस्टिलरी जैसे उद्योग धंधे इनके संसदीय कार्यकाल में ही बंद हुऐ है, जो इनकी कार्यप्रणाली को परिलक्षित करता है। केन्द्रीय मंत्री रहते हुऐ भी इन्होंने सिवनी के साथ छल किया है, एक भी सौगात सिवनी के लिये उन्होंने मंत्री रहते हुऐ नहीं दिलवाई है और न ही बालाघाट व दमोह के लिये उन्होंने कोई कार्य किया है। श्री शर्मा ने आगे बताया कि कमलनाथ जी ने शहरी विकास मंत्री रहते हुऐ 100 करोड रुपये सिवनी जिले को प्रदान किया था मुख्यमंत्री रहते हुऐ भी उन्होंने जन हितकारी योजनाऐं सहित गौशालाऐं खुलवाई जिन्हें भाजपा ने बंद करवा दिया। साथ ही सिवनी जिले के हजारो किसानों का कर्ज माफ किया वहीं छिन्दवाड़ा जिले की भूमि डुबाकर सिवनी जिले के किसानों को पेंच व्यपर्तन योजना का लाभ दिया। सनातन की रक्षा की छद्म बात करने वाली भाजपा यह बताऐ कि पूज्य रामायण को जलाने वालों को चुनावी टिकट क्यों दिया गया। अब जब करने व कहने को कुछ न बचा हो एक सीनियर व्यक्ति को जो परम हनुमान भक्त है को थका हुआ कहकर अपनी चुकी व कुंठित मानसिकता का परिचय दिया है। वास्तव में प्रहलाद पटेल स्वयं चुके हुऐ नेता हैं तभी तो उनका डिमोशन कर विधानसभा लडाया जा रहा है, जिसमें भी वे हार रहे हैं।

## भाजपा प्रत्याशी चेतन्य काश्यप के जनसंपर्क में दिखा कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जोश

### विभिन्न स्थानों पर संगठनों ने किया स्वागत-अभिनंदन

रतलाम । भाजपा शहर विधानसभा प्रत्याशी एवं विधायक चेतन्य काश्यप का जनसंपर्क रविवार को कस्तूरबा नगर तिराहे से आरंभ हुआ। जनसंपर्क की शुरूआत से पूर्व ही यहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ समर्थक जमा रहे। जनसंपर्क के पूरे मार्ग पर कई सामाजिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक संगठनों एवं परिवारों द्वारा श्री काश्यप का स्वागत-सत्कार कर ऐतिहासिक जीत का संकल्प लिया।

भाजपा प्रत्याशी एवं विधायक चेतन्य काश्यप के जनसंपर्क की शुरुआत रविवार सुबह वार्ड क्रमांक 9, 10, 12 में कस्तूरबा नगर तिराहा से हुई। यहां से मेन रोड से टेलिफोन नगर, सुन्दरवन, महाँकाल मंदिर, मुरलीधर चाँदनीवाला के घर से कर्मचारी कॉलोनी, मुखर्जी नगर पानी की टंकी होते हुए मुखर्जी नगर मल्टी पर समापन हुआ। जनसंपर्क में कई परिवारों द्वारा श्री काश्यप का स्वागत कर उनकी आरती उतारते हुए रिकॉर्ड जीत की कामना की। वहीं बुर्जुगों द्वारा आशीर्वाद दिया गया।

**यह रहे उपस्थित :** जिला संयोजक बजरंग पुरोहित, विधानसभा प्रभारी मनोहर पोरवाल, सह संयोजक प्रेम उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, जनसंपर्क प्रभारी प्रहलाद राठौड़, क्षेत्रीय पार्षद निशा पवन सोमानी, अनिता वसावा, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष बलवंत भाटी, कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला मंत्री सोना शर्मा, शैलेंद्रसिंह सिसौदिया, नेहा मेहर, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, निलेश गांधी, कृष्ण कुमार सोनी, आदित्य डागा, विनोद यादव, मंडल महामंत्री धर्मेंदसिंह देवड़ा, चेतन टांक, राहुल रांका, चेतना पाटीदार, विजय पाटीदार, पार्षद भगतसिंह भदौरिया, पप्पू पुरोहित, रामू डाबी, धर्मेंद्र व्यास, सपना त्रिपाठी, देवश्री पुरोहित, बलराम भट्ट, आयुषी सांकला, धीरज कुंवर राठौर, शबाना खान, परमानंद योगी, योगेश पापटवाल, प्रवीण सोनी, प्रकाश बंसीवाल, संतोष बैरागी, अनुज शर्मा, दीपक राजपुरोहित, शिवम राजपुरोहित, हेमराज वसावा, जयेश वसावा, विप्लव जैन, निलेश राव, नितिन लोढ़ा, देवशंकर पांडे, बलवीरसिंह सोढ़ी, विवेक शर्मा, धीरज प्रजापत, जयश्री राठौर, दिव्या शर्मा, खुशबू अरोलिया, चेतना पाटीदार, कृष्णा प्रजापत, सुनिता श्रीवास्वत, सारिका दीक्षित, राजश्री राठौर, सोनू नेका, दुर्गा पांचाल, सोनू यादव, राकेश मिश्रा, राजेंद्र पाटीदार, अशोक यादव, श्रीकांत डोसी, रामबाबू शर्मा, शुभम चौहान, आकाश खड़के सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## खुरई विधानसभा में डालेंगे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ डेरा



मालथौन// मध्य प्रदेश की खुरई विधानसभा सीट सबसे चर्चित सीट है जिस पर कांग्रेस कांग्रेस से 28वर्सीये कुमारी रक्षा राजपूत बीजेपी के कद्यवर नेता कैबिनेट मंत्री भूपेन्द्र सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं ऐसे में ही खुरई की मनानी में कमलनाथ का आना चर्चा का विषय बना हुआ है । 1 नवंबर मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ खुरई में 6 घंटे की आम सभा करेंगे, जिसमें मैं खुरई में सभी वार्डो में जनसंपर्क करेंगे और जनता से मिलेंगे। उनका कहना है कि भूपेन्द्र सिंह की दबंगई के कारण यहां खुरई में विकास नहीं विनाश हुआ है। और कुमारी रक्षा राजपूत को कहना है कि भूपेन्द्र सिंह के करण ना तो यहां पर लोग खुलकर बोल पाते हैं और ना ही खुलकर कोई बात कह पाते हैं उन्होंने लोगों के सभी अधिकार छीन लिए हैं । कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि नगर परिषद पर निर्भर और चुनाव करा कर उन लोगों का वोट डालने का भी अधिकार छीन लिया है। इस बार कांग्रेस की सरकार बन रही है मैं भारी मतों से विजयी हो रही हूं । दूसरी और विधानसभा से लोगों का कहना है कि जब से भूपेन्द्र सिंह यहां पर आये हैं जितना विकास इनके 10 सालों में हुआ है जब तक कांग्रेस की सरकार 70 साल तक रही इतना विकास नहीं हुआ है अब कमलनाथ का आना देखते हैं खुरई के मुद्दे पर कितना प्रभाव डालता है खुरई में अभी तक सभी बड़े नेता डेरा डाले हुए हैं इसमें पूर्व विधायक अरुण राय चौबे और उत्तर प्रदेश से कांग्रेस परिवार के गुड्डु राजा जी यहां पर डेरा डाले हुए हैं।

## भाजपा प्रत्याशी देवड़ा को मिल रहा है भारी जन समर्थन

मंदसौर। मल्हारगढ़ प्रदेश के वित्त मंत्री और वर्तमान विधायक मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार श्री जगदीश देवड़ा अनेक गांवों में तूफानी जनसंपर्क कर रहे हैं और उन्हें भारी समर्थन मिल रहा है श्री देवड़ा ने आज सोकड़ी गांव खेड़ा खदान बही पारसनाथ गोगर पूरा बरखेड़ा जैसिंग बरदल मुंडकोष बालागुड़ा धाकडी सुजानपुर उमरिया इन गांव में श्री देवडा ने जबरदस्त जनसंपर्क किया और हर गांव के अंदर श्री जगदीश देवड़ा का भव्य स्वागत हो रहा है आतिशबाजी के साथ ढोल धमाके के साथ माताएं बहने ने श्री देवड़ा जी का बहुत स्वागत किया और उन्हें भरपूर आशीर्वाद दे रही है युवा बुजुर्ग सभी श्री देवड़ा के समर्थन में अपना आशीर्वाद प्रदान कर रहे हैं और श्री देवड़ा नुक्कड़ सभाएं भी कर रहे हैं और जनता से आशीर्वाद मांग रहे हैं और कहा है कि मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मैं 15 वर्षो में अरबो रुपए का काम करवा चुका हूं और ऐसा कोई गांव गली सड़क बाकी नहीं है जहां सीसी रोड नहीं हुआ चंबल सिंचाई योजना आ रही है उसे मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हर खेत को सिंचाई के लिए पानी और हर घर को नल से जल पीने का मिलेगा और अनेक विकास का करवाए हैं और मुख्यमंत्री जी की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रधानमंत्री जी की जनकल्याणकारी योजनाएं का लाभ लाखों लोग को मिल रहा है और इस बार विधानसभा चुनाव में जनता में अपार उत्साह है आपने संवाददाता के प्रश्न पर कहा कि इस बार मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी 150 सीटों से भी ज्यादा जीतेगी और फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी इस तूफानी दौरे में आपके साथ में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी मानसिंह माचो पुरिया मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चुनावी संयोजक एवं जिला महामंत्री राजेश दीक्षित पिपलिया मंडी मंडल भाजपा अध्यक्ष सामान सिंह शक्तावत सहित अनेक कार्यकर्ता आपके साथ में दौर में चल रहे हैं

भारतीय जनता पार्टी के मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र प्रभारी मानसिह माचो पुरिया भाजपा के जिला महामंत्री एवं विधानसभा क्षेत्र के संयोजक राजेश दीक्षित भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मल्हारगढ़ जितेंद्र जाट महामंत्री नीरज जोशी मुकेश मालवी पिपलिया मंडी भाजपा मंडल अध्यक्ष सामंत सिंह शक्तावत बुढा मंडल भाजपा अध्यक्ष राजू भाई राणा धुंधडका मंडल भाजपा अध्यक्ष जीवन शर्मा मल्हारगढ़ नगर भाजपा अध्यक्ष आशीष विजयवर्गी महामंत्री मनीष चौहान मुकेश सोनी सहित भाजपा के सभी पदाधिकारी ने भाजपा के सभी कार्यकर्ता बांधों को आम जनता से अपील की है ।

## वार्ड 3 व 6 में कांग्रेस प्रत्याशी विपिन जैन ने किया व्यापक जन संपर्क

मंदसौर - कांग्रेस पार्टी के विधानसभा उम्मीदवार श्री विपिन जैन ने मंदसौर शहरी क्षेत्र वार्ड क्रमांक 3 व 6 में व्यापक जनसंपर्क किया द्य जनसंपर्क की शुरुआत नई आबादी बैंक ऑफ़ इंडिया के पास से जैन कॉलोनी, माली मोहल्ला ,पाटील कॉलोनी, गीता भवन रोड, कृष्णा कंपाउंड,दशरथ नगर आदि क्षेत्र में पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेस जनौ व महिला कार्यकर्ताओं के साथ हर आम व खास महिला, युवा, बुजुर्ग लोगों के बीच जा कर जनसंपर्क किया द्य इस दौरान श्री जैन का पुष्प हार व मिठाई खिलाकर स्वागत किया द्य इस दौरान धर्मधाम गीता भवन पर श्री विपिन जैन का साफा बांधकर स्वागत किया गया द्य साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जय जय कमलनाथ,अबके चोट करारी है विपिन भैया भारी है के नारे लगाएं । कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने निवास पर पटाखे की गूंज के साथ श्री जैन का साफा बांधकर, माला पहनाकर स्वागत किया द्य जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं ने आमजन के बीच प्रदेश कांग्रेस के 11 वचन व कांग्रेस प्रत्याशी की अपील का फोल्डर वितरण किया द्य इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल,पुष्पा भारती ,मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तोमर,शहर ब्लॉक कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष सर्वश्री अंबालाल हिंगोरिया, ने सभी का आभार माना द्य यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड ने दी ।

## क्षेत्र में हर समाज के महापुरुषों की प्रतिमाएं करेंगे स्थापित- खत्री

बैरसिया। हर समाज में महापुरुषों ने जन्म लिया है, और उन्होंने देश एवं समाज के हित में सर्वोपरि कार्य किये है। ऐसे महापुरुषों की जयंती तो समाज मानती है, लेकिन उनकी प्रतिमायें हमारे क्षेत्र में स्थापित नहीं है। हम आगामी पंचवर्षीय योजना में प्रत्येक समाज के महापुरुषों की क्षेत्र में प्रतिमायें स्थापित करेंगे। यह बात भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने ईंटखेड़ी में चुनाव प्रचार कार्यालय के दौरान कहीं। कार्यालय शुभारंभ के बाद भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने कन्या पूजन किया।उन्होंने कहा कि ईंटखेड़ी के पास जगदीशपुर को हमने खोई हुई पहचान दिलाई। इसके साथ ही अफगानी शासक दोस्त मोहम्मद द्वारा छलपूर्वक हमारे बहादुर वीर राजपूत सरदारों का कत्लेआम कर दिया था। हमने उनका बलिदान स्मारक भी बनवाया। विष्णु खत्री ने कहा कि ईंटखेड़ी में स्थित उद्योगिक क्षेत्र में लोगों को रोजगार मिलने शुरू हो गया है। धीरे-धीरे यह संख्या बढ़ेगी।

## महर्षि जयंती पर निकाली भव्य शोभा यात्रा सामाजिक संगठनों ने किया स्वागत




औबेदुल्लागंज । महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर वार्ड नंबर 12 अर्जुन नगर औबेदुल्लागंज में महर्षि जयंती का कार्यक्रम रखा इसमें बाल्मिक मंदिर से पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा प्रारंभ हुई जो अंबेडकर चौराहे से मुख्य बाजार होते हुए पुनः बाल्मिक मंदिर पर पहुंची जगह-जगह कई सामाजिक संगठनों ने महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण कर स्वागत किया इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, सुरजीत सिंह बिल्ले हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक अंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष व वार्ड नंबर 12 की पार्षद सुनील सेरिया, जयप्रकाश शर्मा, श्रीमती विभव पटेल, संजय सिंह चौहान, राजेंद्र साहू गुड्डू, आमिर ममनून, सुजीत यादव, अमित श्रीवास्तव, सुनील बाल्मीकि, मोनू बंजारा, पवन मालवीय, धर्मेंद्र गोस्वामी, ओम प्रकाश सरसवाल, घनश्याम सरसवाल, महिला नेत्री श्रीमती रीना सरसवाल, दिनेश नरबारे, बबलू भेरुआ बाल्मिक समाज के युवा एवं मातृशक्ति उपस्थिति रही।

## देशी कट्टा एक अद्दी दो जिंदा कारतूस देशी कट्टा बनाने की सामग्री सहित 2 आरोपी गिरफ्तार, बटियागढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाही



दमोह पुलिस अधीक्षक दमोह एवं माननीय चुनाव आयोग द्वारा आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये जिले के समस्त थाना प्रभारियो को अवैध गतिविधियों पर नजर रखते हुये कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जो पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी पथरिया के मार्गदर्शन मे कल दिनांक 28.10.2023 को दौरान भ्रमण मुखबिर सूचना पर से आरोपी रामकुमार पिता रमेश खटीक उम्र 35 वर्ष निवासी सादपुर थाना रजपुरा के कब्जे से एक अवैध 12 बोर की देशी अद्दी मय 02 जिंदा कारतू के सादपुर रोड पर पुलिया के पास से जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी से पर उपरोक्त जप्तशुदा हथियार बद्री विश्वकर्मा पिता रमेश विश्वकर्मा उम्र 41 साल निवासी ग्राम सगरोन पूछताछ द्वारा अवैध रूप से निर्माण कर उसके द्वारा विक्रय करना बताने पर आरोपी बद्री विश्वकर्मा पिता रमेश विश्वकर्मा उम्र 41 साल निवासी ग्राम सगरोन थाना मगरोन के कब्जे से भी ग्राम बेलखेड़ी मस्जिद के पास से एक अवैध 12 बोर का देशी कट्टा मय एक जिंदा कारतूस के अवैध रूप से रखे मिलने पर लायसेस न होने से मौके पर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ पर कथन पर उसके द्वारा सगरोन स्थित उसकी दुकान पर उक्त जप्तशुदा अवैध हथियारो का कृषि यंत्र बनाने की आड़ में अवैध फैक्टरी का संचालन कर अवैध देशी हथियारो का हाथ से निर्माण कर विक्रय करना बताने पर उक्त स्थान पर पुलिस स्टाफ द्वारा रेड कार्यवाही कर अवैध देशी हथियार निर्माण करने वाली सामग्री को मौके से जप्त कर उक्त दोनो आरोपीगणो के विरूध्द थाना बटियागढ़ मे अपराध क्र.- 408/2023 धारा 25 (1ए), 25/27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया एवं आरोपीगणो को माननीय न्यायालय जेआर पर पेश किया गया है।

सराहनीय कार्य ङ्क का.वा. निरी. नेहा गोस्वामी, उपनिरी. शेषकुमार दुबे, सउनि पवन तिवारी, सउनि बालमुकुन्द सिंह, प्रआर. 475 तुलसीराम पटैल, प्रआर 65 भूपेन्द्र पटैल, प्रआर. 802 विपेश चौबे, प्रआर.763 रामुकमार यादव आर. 713 अक्षय मिश्रा, आर. 593 नरेन्द्र सिंह, आर. 754 संकेत तिवारी, आर. 556 भरत गंधर्व, आर. 855 अमन वाल्मीक, आर. 464 पवन तिवारी, आर. 642 विशाल %, सैनी, आर. 168 अरूण साहू, आर. 715 रवि अहिरवार.


## नाम परिर्वतन सूचना

श्रीमति सीमा विश्वकर्मा पत्नी,श्री मनीराम विश्वकर्मा आयु वयस्क पता 74 अयोध्या बायपास रोड, भवानी धाम फेस-1 नरेला शंकरी,भोपाल (म.प्र.) शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूँ कि मेरे पुत्र यशवर्धन विश्वकर्मा का जन्म दिनांक 02.07.2022 को हुआ था, जिसका जन्म प्रमाण पत्र मेरे द्वारा बनवाया गया था, जिसमें उसका नाम यशवर्धन विश्वकर्मा दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। यह कि मेरे उक्त पुत्र के आधार कार्ड न. 894839948070 मे उसका नाम यशवर्धन दर्ज है,जो कि अपूर्ण है। यह कि मेरे पुत्र का सही नाम यशवर्धन विश्वकर्मा है, जो कि सत्य व सही माना जावे एवं यही नाम मुझे उसके आधार कार्ड में भी दर्ज करवाना है यह कि उपरोक्त शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य व सही है, यदि भविष्य में इससे संबंधित किसी भी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है,तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

आवेदक के हस्ताक्षर

# एप्लास्टिक एनीमिया नियंत्रण के लिए लंदन अपनायेगा होम्योपैथी इलाज की खूबियाँ और खानपान

**भोपाल।** एजेंसी। हमारे प्रदेश समेत समूचे उत्तर और मध्य भारत में सर्दियों के दौरान गुड़ और तिल की बनी गजक खासतौर पर खूब खाई जाती है। यूँ तो इस गजक की कई खूबियाँ हैं मगर सबसे बड़ी खूबी ये है कि इसे खाने से खून बढ़ता है। जिसका सीधा फायदा एप्लास्टिक एनीमिया जैसी खून की कमी से होने वाली बीमारियों से बचाव में होता है। इससे रोगी की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है क्योंकि इन लड्डुओं में मैग्नीशियम, कॉपर, आयरन विटामिन, नियासिन, फास्फोरस, प्रोटीन के साथ-साथ कई अन्य मिनरल्स भी पाये जाते हैं। इसी तारतम्य में तिल-गुड़ के लड्डू और चक्की भी इस्तेमाल की जाती है। इस तरह भारतीय खानपान में ऐसी ही कई चीजें शामिल हैं जो सेहत को बेहतर बनाने के लिहाज से बेहद फायदेमंद हैं।

ये अत्यंत दिलचस्प और बहु-उपयोगी जानकारी भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. ए. के. द्विवेदी ने गुरुवार को यूनाइटेड किंगडम स्थित हेनमैन कॉलेज ऑफ होम्योपैथी द्वारा आयोजित इंटरनेशनल काँग्रेस में एप्लास्टिक एनीमिया पर अपना रिसर्च पेपर साझा करते हुए दी। पाँच मरीजों के सफल इलाज की अपनी केस स्टडी शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि एप्लास्टिक एनीमिया में गोंद के लड्डू, मेवे के लड्डू और खसखस का हलवा जैसी कई भारतीय रेसेपीज बहुत फायदा पहुँचाती हैं। हालाँकि वहाँ के लोग इन शानदार व्यजनों का लुत्फ अमूमन ठंड के मौसम में ही उठा पाते हैं क्योंकि बाकी समय वहाँ मौसम आमतौर पर गर्म रहता है और इन सभी व्यंजनों की तासीर भी गर्म है। इसलिए वहाँ इन्हें साल भर खाना संभव नहीं होता है। लेकिन यहाँ लंदन में तो इस तरह की चीजें साल के 8 से 9 महीने इस्तेमाल की जा सकती हैं। जो आपकी सेहत भी सुधारेंगी और शरीर में गर्माहट भी बनाये रखेंगी। चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व के अनेक मंचों पर इंदौर और देश का नाम रोशन कर चुके डॉ. द्विवेदी ने बताया कि वो लंबे समय से एप्लास्टिक एनीमिया के अनेक मरीजों का समुचित इलाज कर उनका जीवन बेहतर बना चुके हैं।

# वित्तीय वर्ष 24 की पहली छमाही के लिए साधना नाइट्रो केम लिमिटेड ने शानदार वित्तीय परिणाम घोषित किए

### साल दर साल शुद्ध लाभ 304 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** इंटरमीडिएट स्पेशल्टी केमिकल्स में विशेषज्ञता रखने वाली एक प्रमुख मैन्युफैक्चरर, साधना नाइट्रो केम लिमिटेड ने 26 अक्टूबर, 2023 को आयोजित अपनी बोर्ड बैठक में 30 सितंबर को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अनऑडिटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स को अप्रूव कर दिया है। कंपनी ने हाल ही में घोषणा की, कि साधना नाइट्रो केम लिमिटेड नाइट्रोबेंजीन से पैरा एमिनोफेनॉल बनाने वाला दुनिया का दूसरा प्लांट बना। फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही और फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली छमाही के परफॉर्मेंस पर कमेन्ट करते हुए, प्रबंधन ने कहा कि, हम फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही और फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली छमाही के लिए उत्कृष्ट फाइनेंशियल परफॉर्मेंस की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। ऑपरेशन से हमारे रेवेन्यू में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो 15 प्रतिशत तक बढ़ी और फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 36.53 करोड़ रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 42.01 करोड़ रुपये तक पहुंची। इस वृद्धि को मुख्य रूप से हमारे प्रोडक्ट्स की ग्लोबल डिमांड में लगातार वृद्धि के लिए ज़िम्मेदार ठहराया जा सकता है, जिसमें ओडीबी 2 पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में हमारी पेशकशों की स्ट्रेंथ और अपील को प्रदर्शित करता है। हमारे रेवेन्यू में वृद्धि के अलावा, हमारे एबिटा में प्रभावशाली ग्रोथ देखी गई, जो उल्लेखनीय रूप से 173.36 प्रतिशत बढ़ गई, और फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 4.58 करोड़ रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 12.52 करोड़ रुपये पहुंची। इस वृद्धि का श्रेय कुछ कच्चे माल की कीमतों में नरमी को दिया जा सकता है। इन कॉस्ट रिडक्शन ने हमारे एबिटा पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिससे हमारी ऑपरेशनल दक्षता मज़बूत हुई है। हमारी ऑपरेशनल एफिशिएंसी में सुधार के हमारे एफर्ट्स को एबिटा में मार्जिन में महत्वपूर्ण इंप्रूवमेंट से उजागर किया गया है, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 12.42 प्रतिशत से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 29.81 प्रतिशत हो गया, तथा जो 1739 बेसिस पॉइंट्स का प्रभावशाली लाभ है। फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही के लिए, एक्सपोर्ट सेल्स ने हमारे कुल रेवेन्यू में 25.92 प्रतिशत का योगदान दिया। हाई चीनी इन्वेंट्री के कारण माल की डंपिंग ने साल की पहली छमाही में में सेल्स ग्रोथ को न्यूनतम रखा है, जैसा कि हम देखते हैं कि चीनी इन्वेंट्री कम हो रही है, हम उम्मीद करते हैं कि ग्लोबल डिमांड में लगातार ग्रोथ और हमारी नई क्षमताओं के ऑनलाइन आने के साथ, फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी छमाही में फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली छमाही की तुलना में बड़ा रेवेन्यू प्राप्त होगा।

# कार्यकारी सिंचाई अभियंता का फर्जी कार्यालय खोलकर हासिल कर लिया 4.16 करोड़ का सरकारी अनुदान, 2 धराए

नई दिल्ली, एजेंसी। गुजरात के आदिवासी बहुल छोटा उदयपुर जिले में सिंचाई परियोजनाओं के लिए कार्यकारी अभियंता का फर्जी कार्यालय बनाकर पिछले दो साल में कथित तौर पर 4.16 करोड़ रुपये का सरकारी अनुदान हासिल करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी संदीप राजपूत ने कथित तौर पर बोडेली में सिंचाई परियोजना डिवीजन के कार्यकारी अभियंता का फर्जी कार्यालय स्थापित किया ताकि फर्जी परियोजनाओं के लिए 4.16 करोड़ रुपये का सरकारी अनुदान प्राप्त किया जा सके, जिसके लिए 2021-2022 और 2022-2023. में प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि राजपूत और उसके साथी सरकारी ठेकेदार अबू-बक्र सैयद को गिरफ्तार किया गया और शुक्रवार देर रात 12 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। प्राथमिकी के अनुसार, यह मामला तब सामने आया जब परियोजना प्रशासक के कार्यालय ने कुछ सिंचाई परियोजनाओं के लिए 3.75 करोड़ रुपये की मांग करने वाले फर्जी कार्यालय से प्राप्त एक प्रस्ताव के बारे में पूछताछ की। इसमें कहा गया है कि सिंचाई विभाग के वास्तविक अधिकारियों से पता चला है कि संबंधित कार्यालय अस्तित्व में ही नहीं है। प्राथमिकी में कहा गया है कि आगे की जांच से पता चला कि 2021-22 और 2022-23 में 1.97 करोड़ रुपये और 2.18 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लिए फर्जी कार्यालय से इसी तरह के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी, और धन ई-भुगतान मोड में जारी किया गया था।

# एक्सिस बैंक ने मुनीश शारदा को कार्यकारी निदेशक बनाया, आरबीआई के निर्देश के बाद लिया गया निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी। एक्सिस बैंक ने मुनीश शारदा को पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक के पद पर पदोन्नत करने की घोषणा की है। यह नियुक्ति भारतीय रिजर्व बैंक ( आरबीआई ) की ओर से निजी बैंकों को एक निर्देश जारी करने के एक दिन बाद हुई है, जिसमें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि उनके बोर्ड में कम से कम दो कार्यकारी निदेशक हों। बैंक के बोर्ड ने 26 अक्टूबर, 2023 को हुई एक बैठक में शारदा को पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त करने और उन्हें कार्यकारी निदेशक के रूप में नामित करने के निर्णय को मंजूरी दी। यह नियुक्ति 1 नवंबर, 2023 से या आरबीआई की मंजूरी पर, जो भी बाद में हो, प्रभावी होगी। कार्यकाल प्रभावी तारीख से तीन साल के लिए होगा, जो बैंक के शेयरधारकों और आरबीआई के अनुमोदन के अधीन होगा। शारदा सुब्रत मोहंती के बाद बैंक के बोर्ड में दूसरे कार्यकारी निदेशक होंगे। शारदा ( 52 ) सितंबर 2021 से एक्सिस बैंक में ग्रुप एग्जीक्यूटिव और भारत बैंकिंग की प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं।

# अब भारतीयों के सहारे ब्रिटेन में आर्थिक प्रगति और राजनीति

**आलोक मेहता**

समय चक्र कितना बदल रहा है इसकी झलक ब्रिटेन की वर्तमान अर्थ व्यवस्था और राजनीति को देखकर समझा जा सकता है ?एक समय था , जब इंग्लैंड भारत पर राज करता था, हमारा बजट तय करता था, यहाँ तक कि अकाल की भयावह स्थिति में भी भारत का अनाज भूखे ब्रिटिश सैनिकों के पेट भरने के लिए ले जाता था और हमारे यहाँ अकाल ( 1943 ) में लाखों लोग मर गए ? लेकिन आज वही ब्रिटेन भारतीय मूल के अरबपति व्यापारिक समूहों , भारत के साथ करीब 36 अरब पाउंड्स के व्यापारिक संबंधों , देश के बैंकिंग , स्वास्थ्य , शिक्षा , होटल उद्योग जैसी मूलभूत व्यवस्था के लिए भारतीय मूल के पेशेवर लोगों पर निर्भर हो रहा है। देश की राजनीति पर भी भारतीय संबंधों का गहरा असर है।

हिन्दू होने पर गर्व करने वाले प्रधान मंत्री और संसद में भारतीय मूल के 15 सांसद हैं। मुझे 1977 से अब तक 45 वर्षों में कई बार निजी अथवा ब्रिटिश सरकार के निमंत्रण या भारतीय प्रधान मंत्रियों के साथ ब्रिटेन जाने के अवसर मिले हैं। इस बार कुछ अंतराल के बाद दो सप्ताह की निजी यात्रा पर जाने का अवसर मिला, तो कई सुखद अनुभव हुए और भारत के बढ़ते सामाजिक आर्थिक प्रभाव की झलक मिली। यात्रा के दौरान भारत से रहे चुके उच्चायुक्त मार्क रुनक्रेस, नेहरू सेंटर के निदेशक और प्रसिद्ध लेखक अमीश त्रिपाठी सहित विभिन्न क्षेत्रों के कुछ विशेषज्ञों से बातचीत के अवसर भी मिले।

लंदन में बदलाव का एक बड़ा प्रमाण इसी महीने शुरु हुए एक भव्य होटल ' रैफल ' होटल को देखकर मिला। होटल की कॉफ़ी शॉप में दो घंटे बिताए। तब मालूम हुआ कि ऐतिहासिक ' ओल्ड वार ऑफिस ' की इमारत को भारतीय मूल के जी पी हिंदुजा के पारिवारिक समूह ने खरीद कर होटल का रुप दिया है। हिंदुजा बंधुओं ने वर्ष 2006 में लंदन की कार्लटन हाउस टेरेस स्ट्रीट पर 25 बेडरूम वाला एक बड़ा घर 5.8 करोड़ डॉलर में खरीदा था। फिर द्वितीय विश्व युद्ध के समय ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल के युद्ध कार्यालय की इस इमारत को हिंदुजा समूह ने आठ साल पहले खरीदा था। विंस्टन चर्चिल का पुराना युद्ध कार्यालय लंदन में पीएम आवास के सामने व्हाइटहाल बिल्डिंग में स्थित है। हिंदुजा समूह ने रैफल्स होटल्स के साथ मिलकर इस ऐतिहासिक इमारत को लग्जरी रिहायशी इमारत, रेस्तरां और स्पा में तब्दील कर दिया है। हिंदुजा समूह ने फ्रांस के बहुराष्ट्रीय हॉस्पैटिलिटी समूह एकॉर के साथ मिलकर इस होटल को विकसित किया। पुराने युद्ध कार्यालय का निर्माण 1906 में पूरा किया गया था। इसे ब्रिटिश आर्किटेक्ट विलियम यंग ने डिजाइन किया था। इस इमारत में इतिहास के कई प्रभावशाली नेताओं के कार्यालय रहे, जिनमें विंस्टन चर्चिल और डेविड लॉयड जॉर्ज जैसे नाम शामिल हैं। जेम्स बॉन्ड सीरीज की कई फिल्मों में भी यह इमारत दिखाई जा चुकी है और हालिया नेटफ्लिक्स सीरीज द क्राउन में भी इसे दिखाया गया था। नए होटल में मेहमानों के लिए 120 कमरे और सुइट्स हैं। इसमें एक विशाल बालरूम है और मशहूर शेफ माउरो कोलाग्रेको मेहमानों के लिए खाना तैयार करेंगे। इस होटल में जिस जगह महान नेताओं के कार्यालय रहे, वहां एक हैरिटेज सुइट बनाया गया है। ऐतिहासिक इमारत में 85 रिहायशी फ्लेट्स , नौ रेस्तरां और तीन बार भी बनाए गए हैं।



विंस्टन चर्चिल को भारत में खलनायक माना जाता है। भारत में विंस्टन चर्चिल को साल 1943 में भूख से हुई लाखों मौतों का जिम्मेदार माना जाता है। दरअसल चर्चिल ने बंगाल से अनाज को हटाकर विश्व युद्ध लड़ रहे अपने सैनिकों को भेज दिया था, जिसके चलते अनाज की कमी से लाखों लोगों की मौत हो गई। यही वजह है कि उसी चर्चिल के पुराने ऑफिस को भारतीय मूल के परिवार द्वारा खरीदा जाना और उसमें लग्जरी होटल का निर्माण अपने आप में दिलचस्प और गौरवपूर्ण है। ब्रिटेन इस समय आर्थिक कठिनाइयों का भी सामना कर रहा है। ब्रिटिश राज परिवार और सरकार की कई इमारतें बिक रही हैं। वहीं भारतीय मूल के लोग अधिकाधिक संपत्ति लंदन और अन्य नगरों में खरीद रहे हैं। ब्रिटिश सरकार हिंदुजा, टाटा, अम्बानी समूहों से ब्रिटेन में पूंजी , उद्योग लगाने, व्यापार बढ़ाने का विशेष आग्रह करती हैं, ताकि उनके लोगों को अधिक रोजगार भी मिले।

ब्रिटेन के सबसे धनवान लोगों की सूची में हिंदुजा बंधु शीर्ष पर रहे हैं। लंदन के 'द संडे टाइम्स' की अमीर लोगों की सूची के मुताबिक हिंदुजा बंधुओं के पास 28.472 अरब पौंड की संपत्ति होने का अनुमान है। इसके संबंध दुनिया के प्रमुख नेताओं से रहे हैं जिनमें ईरान के तत्कालीन शाह से लेकर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश सीनियर और पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर और वर्तमान प्रधान मंत्री ऋषि सुनक भी शामिल हैं। इसी तरह श्रीमती इंदिरा गाँधी से लेकर वर्तमान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और विभिन्न दलों के शीर्ष नेताओं से उनके अच्छे सम्बन्ध रहे हैं 783 वर्षीय गोपीचंद हिंदुजा ने अपने भाई श्रीचंद पी हिंदुजा के हाल के निधन के बाद हिंदुजा समूह के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है। वह ऑटोमोटिव, आईटी, मीडिया और मनोरंजन, बुनियादी ढांचा, तेल और विशेष रसायन, बिजली और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में फैले विविध वैश्विक व्यापार साम्राज्य को सँभालते रहे हैं । ब्रिटेन के ही एक वरिष्ठ राजनयिक ने अनौपचारिक बातचीत में बताया कि गोपीचंद हिंदुजा एक सम्मानित व्यवसायी और परोपकारी व्यक्ति हैं। वह व्यापार और प्रतिस्पर्धात्मकता पर विश्व आर्थिक मंच की वैश्विक एजेंडा परिषद के सदस्य हैं और हिंदुजा फाउंडेशन के ट्रस्टी हैं, जो भारत और दुनिया भर में कई धर्मार्थ कारणों का समर्थन करता है।हिंदुजा समूह ऑटोमोटिव, ऊर्जा, वित्त और स्वास्थ्य सेवा सहित उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला में हितों के साथ एक बहुराष्ट्रीय समूह है। समूह का 60 से अधिक देशों में संचालन है और दो लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है।

हिंदुजा समूह की स्थापना 1914 में अविभाजित भारत के शिकारपुर के व्यवसायी परमानंद दीपचंद हिंदुजा ने की थी। समूह का शुरुआती ध्यान व्यापार और वित्त पर था, लेकिन जल्द ही यह अन्य उद्योगों जैसे विनिर्माण, ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा में भी फैल गया।हिंदुजा समूह हाल के वर्षों में उल्लेखनीय रूप से विकसित हुआ है, और अब यह दुनिया की सबसे बड़ी निजी स्वामित्व वाली कंपनियों में से एक है। हिंदुजा समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख खिलाड़ी है, और यह कई देशों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जी पी की मान्यता है कि यह ग्रुप हमेशा फाइनेंस और ट्रेडिंग में यकीन करता है। वेल्थ मैनेजमेंट हमारे खून के भीतर रहा है। फाइनेंस और बैंकिंग हमारे ग्रुप का अभिन्न हिस्सा रहा है। जब भी हमें कुछ अच्छे अवसर मिलते हैं, तो उद्यमी होने के नाते हम इसमें किस्मत आजमाते हैं। हमारा उद्देश्य वर्षों से प्राप्त अनुभव और रिश्तों के आधार पर सबसे बड़े ग्लोबल मल्टीफैमिली ऑफिस का निर्माण करना है। अ जहां तक ग्रुप का संबंध है, वे केवल एक चीज में विश्वास करते हैं वह यह कि हमें क्या देना है।सब कुछ सबका है 7 ग्रुप में यह माना जाता है कि सब कुछ सबका है, कुछ भी किसी का नहीं है। हिंदुजा का कहना है ' हमारे पिता ने हमें सिखाया कि यदि आप पैसे कमा रहे हैं, तो आपको कोशिश करनी चाहिए और देखना चाहिए कि कैसे जरूरतमंद लोगों को और समाज को दिया जाए। अगर ये टैक्स आ रहे हैं, तो इसकी अच्छी खासी जरूरत भी है। हम इसे अपने साथ स्वर्ग में नहीं ले जाने वाले नहीं हैं। मरना एक दिन सभी को है।

दूसरी तरफ भारत और ब्रिटेन के आर्थिक विकास पर समूह का कहना है कि फ्यूचर तो ग्रीन, स्थिरता और इलेक्ट्रिक वाहन का है। उन्हें लगता है कि पुरानी अर्थव्यवस्था खत्म हो गई है और चीजें बदल गई हैं। इसलिए वे सिर्फ एक बिजनेस में टिके नहीं रहते हैं।इनके पास लगभग 11 टेक्नॉलोजी कंपनियां हैं। वे साइबर सिक्योरिटी पर बहुत ध्यान दे रहे हैं। कंपनी का नाम सायक्यूरेक्स है और साइबर सुरक्षा का भविष्य बहुत अच्छा है। निश्चित रूप से यह ग्रुप पिछले 100 वर्षों में विकसित हुआ है और आगे भी हमेशा बढ़ता रहेगा। हिंदुजा ग्रुप के अध्यक्ष गोपीचंद हिंदुजा ने आर्थिक मंचों पर कहा है कि भारत 2024 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी हासिल कर सकता है। लेकिन, इस लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ने के लिए ब्रिटिश काल जैसी नौकरशाही (ब्यूरोक्रेसी) व्यवस्था बदलने की जरूरत है। हिंदुजा ने कहा है कि अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहतरीन कदम उठाए और उनका नजरिया भी शानदार है, लेकिन उनकी टीम को और तेजी दिखानी होगी। उनकी कंपनी भारत में ज्यादा से ज्यादा निवेश करना चाहती है, क्योंकि दुनिया के बाकी देशों के मुकाबले यहां सबसे ज्यादा मौके हैं।

# महाराजा अजमीढ़ नयी पीढ़ी के लिए हैं प्रेरणा स्त्रोत - दिया कुमारी

जयपुर। दिया कुमारी ने विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के खातीपुरा मंडल के वार्ड नंबर 40 में श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज जयपुर पश्चिम द्वारा महाराज अजमीढ़ जी की जयंती पर आयोजित समारोह में अजमीढ़ महाराज जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धर्म और कर्म में आस्था रखने वाले महाराजा अजमीढ़ देव जी को आभूषण बनाना अत्यन्त पसन्द था, स्वर्णकार समाज द्वारा उनकी इस विरासत को अपनाकर आगे बढ़ाना प्रशंसनीय है। वे हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।



राठौड़ को दिया कुमारी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इससे पूर्व दिया कुमारी ने विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 35 में प्रेम नगर कल्याण समिति द्वारा आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम को संबोधित किया और कार्यक्रम में उपस्थित आमजन से भाजपा को वोट देकर राजस्थान में %सुशासन% वाली सरकार लाने की अपील की। भाजपा की विचारधारा और केंद्र सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर वार्ड 13 में गहलोत नगर समिति द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के ब्लॉक उपाध्यक्ष वीपी सिंह

### सभी सर्वे भाजपा की प्रचंड जीत की ओर इंगित करते हुए

अपने कार्यक्रम के दौरान सम्बोधित करते हुए दिया कुमारी ने आने वाले चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत की बात कही और कहा कि अभी तक जितने भी ओपिनियन पोल आये हैं, उन सभी में भाजपा की जीत तय है। उन्होंने कहा कि विद्याधर नगर से भी हमको

# उद्यमों के विकास के लिए मोदी सरकार हमेशा तत्पर: दिया कुमारी



जयपुर । दिया कुमारी ने शनिवार को विद्याधर विधानसभा में जनसंपर्क की शुरुआत जलवायु विहार में आयोजित स्वागत समारोह से की। लोगों से मिले अभूतपूर्व स्नेह और आशीर्वाद के लिए दिया कुमारी ने सभी का धन्यवाद दिया।

जनसंपर्क के क्रम में दिया कुमारी ने क्षेत्र के वार्ड 17 में देवी दर्शन करके सर्व मंगल की कामना की और जनता से उनका सहयोग तथा आशीर्वाद मांगा। क्षेत्र में स्थित विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित एक बैठक में दिया कुमारी ने उद्यमियों से वार्तालाप किया। इस दौरान सवाल का जवाब देते हुए दिया कुमारी ने कहा कि मोदी जी के अथक प्रयासों से इंफ्रास्ट्रक्चर काफी सुधरा है, परन्तु प्रदेश में सरकार बनने के बाद भाजपा सुनिश्चित करेगी कि हर छोटी से छोटी समस्या का हल निकाला जाए। औद्योगिक क्षेत्र में पानी, सड़क और निकासी जैसी जितनी भी समस्यांए हैं, उन सबको हल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हर मुमकिन प्रयास कर रही है कि रोज़गार पैदा करने वालों के हाथ मजबूत किए जायें, परन्तु प्रदेश की गहलोत सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं बढ़ाये।

इसके बाद भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी ने युवा सम्मलेन में शिरकत की और युवा जोश को वोट में तब्दील करने का आह्वाहन किया। उन्होंने कहा कि इन पांच सालों में युवाओं के भविष्य के साथ जो खिलवाड़ हुआ है उसका जवाब देने का वक़्त अब आ गया है और जिन्होंने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है उनको अब उनके कर्मो का फल जल्द ही मिलेगा। देर शाम उन्होंने वार्ड 42 में जनसमपर्क किया और कृष्णा कॉलोनी में आयोजित वाल्मीकि जयंती के कार्यक्रम में भी उपस्थिति दर्ज़ करवाई।

## दिया कुमारी को विभिन्न समाजों ने सौंपें समर्थन पत्र



भारतीय जनता पार्टी की विद्याधर नगर से प्रत्याशी और राजसमंद सांसद दिया कुमारी को चुनाव प्रचार के दौरान समाज के विभिन्न वर्गो से भारी समर्थन मिल रहा है। शुक्रवार को अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा की जयपुर जिला कार्यकारिणी ने बैठक कर दिया कुमारी को समर्थन देने का प्रस्ताव पारित किया। महासभा के जयपुर शहर अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने दिया कुमारी जैसी कर्मठ उम्मीदवार को विद्याधर नगर से प्रत्याशी बनाया है और अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा ने उनका सर्मथन करने का निर्णय लिया है। वैष्णव पटवा समाज सेवा समिति की जयपुर जिला कार्यकारिणी ने भी शुक्रवार को अध्यक्ष श्री चिरंजीलाल पटवा की अध्यक्षता में एक बैठक कर सर्व-सम्मति से दिया कुमारी को विधानसभा चुनावों में समर्थन देने का प्रस्ताव पारित किया। राजस्थान नाथ समाज ने भी दिया कुमारी को समर्थन देने की घोषणा की है। राजस्थान नाथ समाज की जयपुर शहर जिला कार्यकारिणी ने आज एक प्रस्ताव पारित कर दिया कुमारी को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। दिया कुमारी ने शुक्रवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों के साथ बैठक की और पूर्व सैनिकों के साथ भारतीय सेना के साहस और पराक्रम की सराहना की। महावीर चक्र से सम्मानित अपने पिता बिग्रेडियर भवानी सिंह जी को याद करते हुए दिया कुमारी ने कहा कि भारतीय सेना का अनुशासन और साहस उनके लिए हमेशा से प्रेरणा का स्त्रोत रहे है। इससे पहले दिया कुमारी ने विद्याधर नगर विधानसभा के वार्ड नंबर 6 में जनसंपर्क किया।

# आईआईटी से ग्रेजुएट, 28 लाख का पैकेज छोड़ पाली देसी मुर्गियां, आज 1 करोड़ रुपये महीने का रेवेन्यू

नई दिल्ली, एजेंसी। आपने आईआईटी से इंजीनियरिंग की हो और 28 लाख का पैकेज मिल जाए, तो आप क्या करेंगे। शायद कई लोग काफी खुश होंगे और मजे से नौकरी करेंगे। लेकिन आजकल के युवाओं की सोच हटकर है। वे एंटरप्रेन्योरशिप में यकीन रखते हैं। जैसे ही अपना कुछ करने का मौका मिलता है, निकल जाते हैं। तेलंगाना के आईआईटी ग्रेजुएट सैकेश गौड़ की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। उन्हें 28 लाख का सालाना पैकेज मिला था। लेकिन अब वे एक करोड़ रुपये महीना कमा रहे हैं। आज उनके पास एक फेमस ब्रांड है और वे एक सफल उद्यमी की जिंदगी जीते हैं। आइए गौड़ की इस सक्सेस स्टोरी के बारे में जानते हैं।

सैकेश गौड़ ने आईआईटी वाराणसी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया है। इसके बाद वे 28 लाख रुपये के पैकेज में सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल के तौर पर जॉब करने लगे। लेकिन सैकेश का मन बिजनस करने का था। वे इसके लिए मौके तलाशने लगे। तो हुआ कुछ यूं कि हेमाम्बर रेड्डी नाम से एक व्यक्ति मुर्गी पालन का बिजनस करना चाहता था। इस बारे में वह जानकारी जुटा रहा था। उसने समझा कि मीट इंडस्ट्री कैसे काम करती है। इसी बीच रेड्डी की मुलाकात सैकेश गौड़ और मो. सामी उद्दीन से हुई। जब गौड़ ने रेड्डी की बात सुनी तो उन्होंने सोचा कि क्यों नहीं मीट मार्केट में बड़ा बिजनस किया जाए। और इस तरह उन्होंने रिटेल मीट सेक्टर में उतरने का मन बना लिया। इसके लिए उन्होंने अपनी जॉब भी छोड़ दी।




गौड़ के बिनजस में एक इन्क्यूबेशन प्रोग्राम ने बड़ी मदद की। यह प्रोग्राम आईसीएआर-नेशनल मीट रिसर्च इंस्टीट्यूट, हैदराबाद का था। इससे गौड़ को हाइजनिक प्रोसेसिंग और रिटेलिंग यूनिट और गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेस की स्थापना के लिए तकनीकी मार्गदर्शन मिला। इसके बाद गौड़, रेड्डी और सामी ने मिलकर कंट्री चिकन फार्मिंग और रिटेलिंग को सस्टेनेबल तरीके से बदलने के लिए साल 2020 में कंट्री चिकन कंपनी की शुरुआत की। वे मीट की एक ऐसी दुकान लाना चाहते थे, जो सुपरमार्केट की तरह दिखे। जहां हाइजीन का पालन हो और साफ-सुथरे माहौल में क्वालिटी वाला देसी चिकन मीट मिले।

आईआईटी की पढ़ाई की और अच्छी-खासी नौकरी छोड़ मुर्गियां पाल रहा है... लोगों ने ऐसा कहकर गौड़ का खूब मजाक बनाया। लेकिन गौड़ रुके नहीं। उनकी देसी मुर्गियों के बढ़िया स्वाद, एथिकल प्रोडक्शन और न्यूट्रिशन वैल्यू ने खूब पॉपुलैरिटी हासिल की। वे प्रोडक्ट को किसी गिफ्ट आइटम की तरह पैक करके बेचते थे। इससे ग्राहक को एक अलग ही फील आता था। उन्होंने ग्राहकों का मीट खरीदने का नजरिया ही बदल दिया।

# पीएम विश्वकर्मा योजना में 25 तक सरकार के पास आए 9.09 लाख आवेदन



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में कौशल विकास यानी स्किल डिवेलपमेंट के बढ़ते दायरे के बीच नई-नई योजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। विश्वकर्माओं और उनके परंपरागत कौशल को आधुनिक औजारों और तकनीक के साथ जोड़ने के मकसद से बीती 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की और 25 अक्टूबर तक सरकार के पास 9.09 लाख आवेदन भी आ गए। इस योजना से जुड़े कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के मुताबिक, 30 लाख परंपरागत शिल्पकारों को फायदा पहुंचाने वाली इस योजना के लिए मिले आवेदनों में 81 प्रतिशत पांच पारंपरिक शिल्प कलाओं में ट्रेनिंग चाहते हैं। इनमें दर्जी, मेसन (राजमिस्त्री), बढ़ई (सुथार), बाल काटने वाले (नाई) और टोकरी/चटाई/झाडू निर्माता/जूट बुनकर शामिल हैं। मंत्रालय इस साल के बचे हुए कुछ महीनों में ही छह लाख लोगों को चुनकर इस योजना का लाभ उन्हें देना चाहता है।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी कहते हैं कि पीएम की सोच से कौशल विकास और उद्यमशीलता को नया मुकाम हासिल हुआ है। साल 2014 में यह नया मंत्रालय बना और उसके बाद से युवाओं के कौशल में पहले की तुलना में कहीं ज्यादा निवेश हुआ है। स्किलिंग, अपस्किलिंग और री-स्किलिंग- तीनों पर फोकस किया जा रहा है। शिक्षा को स्किल के साथ जोड़ा जा रहा है।

## तुकाराम दुर्गे ने भाजपा छोड़ी



**छिंदवाड़ा।** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के सेवा निवृत कर्मचारी दुर्गे ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तिफा दिया। उन्होने परासिया विधानसभा से टिकट मांगा था, उन्हें टिकट नहीं मिला। श्री दुर्गे संघ के कार्यकर्ता है संघ में रहेंगे उन्होने ईशारा करते हुये कहा कि वे कोयलांचल जनता पार्टी से परासिया विधानसभा से चुनाव लड़ सकते है, उन्होने पत्रकार वार्ता में पार्टी छोड़ने की घोषणा की।

## 1950 में निर्वाचन संबंधी जानकारी प्राप्त करने व शिकायत दर्ज करने की सलाह

### अभी तक 353 कॉलरों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा श्री मनोज पुष्प के मार्गनिर्देशन में कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक-41 में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये टेली कॉलिंग कॉल सेंटर 1950 स्थापित किया गया है । इस टेलीकॉलिंग कॉल सेंटर से संपर्क करने वाले आवेदकों को निर्वाचन से संबंधित विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिये उचित परामर्श दिया जा रहा है । इस टेली कॉलिंग कॉल सेंटर से अभी तक 353 कॉलरों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम काटने, संशोधन और वोटर कार्ड प्राप्त नहीं होने से संबंधित जानकारी चाही गई थी, जिन्हें पूर्ण जानकारी और संलग्न दस्तावेजों की जानकारी प्रदान करते हुये शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया। इसमें 28 अक्टूबर तक की 347 और आज शाम 6 बजे तक की 6 आवेदकों की निर्वाचन से संबंधित विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिये दिया गया उचित परामर्श शामिल है ।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.सी.बोपचे ने बताया कि मतदाता पहचान पत्र प्राप्त नहीं होने के संबंध में कोई भी मतदाता 1950 कॉल सेंटर से टेली कॉलिंग के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । साथ ही आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 से संबंधित जानकारी व शिकायत के लिये भी इस कॉल सेंटर में कॉल करने की सलाह दी गई है ।

## पर्वतारोही मेघा परमार पहुंची वार्ड क्रमांक 2 में जनता से किया सीधा संवाद



**छिंदवाड़ा।** हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में वार्ड वासियों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई जिसको सम्बोधित पर्वतारोही मेघा मेघा परमार ने कहा कि कमलनाथ जो वचन देते हैं वह पूरा करते हैं ना की घोषणा करते कमलनाथ ने जिले में सर्वांगीण विकास किया है एवं युवाओं को रोजगार एवं शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित किया है इसी कड़ी में जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष किरण चौधरी ने कहा कि प्रदेश में शिवराज सरकार ने घोटालों का नया कीर्तिमान स्थापित किया है महिला युवा एवं बेरोजगार सभी परेशान हैं उन्होंने प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने का आव्हान किया इस दौरान शहर कांग्रेस के उप ब्लॉक प्रभारी पप्पू यादव शहर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष संतोषी गजभिये जिला महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष मीना कोरी कहकशाँ मिर्जा, दीपा यादव नंदा ठाकरे, मुकेश उपाध्याय, शैलेष दीक्षित, सुनील इंगले, फरहान आजमी, बिंजू मामन, विशाल सोनी, आकाश सिंह, भारद्वाज विशाल सोनी दरेश परतेती, रेणु तिवारी, पूर्वीता डेहरिया, शिवानी डेहरिया, राधा सैनी, जया ठाकरे, सुनीता यदुवंशी, राधा सैनी, सुमन पवार, सीमा इंगले, जया उपाध्याय, गीता पाठक, कुसुम कराड़े, शिवा दीक्षित गोपाल ऊइके, राजेश यादव, मुन्ना धुर्वे आदि शामिल थे।

## एक ही पक्ष उपस्थित होने के कारण अगली पेशी दी गई

परासिया। परिवार परामर्श केंद्र में कुल 10 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए दो प्रकरणों में समझौता किया गया शेष एक ही पक्ष उपस्थित होने से अगली पेशी दी गईएक प्रकरण में पति-पत्नी दोनों उपस्थित हुए दोनों को समझाइश दी गई समन्वय बनने से समझौता कराया गयाएक अन्य प्रकरण में आवेदक पति ने बताया कि पत्नी कहना नहीं मानती पत्नी का कहना है मैं पढ़ना चाहती हूं पति पढ़ाना नहीं चाहता। दोनों को समझाइश दी गई समन्वय बनने से समझौता कराया गया। सलाहकार के पी पांडे, जेठूलाल सोनी, श्रीमती शांति तिवारी, सुश्री सुशीला झाड़े एवं डेस्क प्रभारी वंदना वघेल ने आज के प्रकरणों की सुनवाई की ।

## फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम सुखारी कला में युवक की लाश फांसी के फंदे पर लटके पाए जाने से गांव में सनसनी फैल गई . बताया जाता है कि ग्राम सुखारी कला में अपने घर में पवन पिता कैसे लाल लोधी उम्र 30 वर्ष का उसके ही मकान में लगे मलगा मैं रस्सी से फांसी पर टंगा हुआ था ,सुबह 9 बजे के करीब उसके भाई ने खेत से आने पर देखा की पवन के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है दरवाजा खोलने पर देखा कि पवन का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ है , जिसकी सूचना पुलिस को दी गई द्य बताया जाता है कि मृतक की पत्नी लगभग दो वर्ष से पति के संग नहीं रहकर अपने मायके घूम गांव में रहती थी जिससे उसके दो बच्चे भी हैं इसी बात की युवक को टेंशन थी हो सकता है इसी वजह से युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सहायक उप निरीक्षक सुभाष तिवारी ने प्रकरण में मर्ग कायम पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सोप मामले को विवेचना में लिया।

## विधानसभा आम निर्वाचन में मतदान और मतगणना दिवस पर शराब बिक्री पर प्रतिबंध

छिन्दवाड़ा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.सी.बोपचे द्वारा जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं कि आबकारी आयुक्त म.प्र. द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में मतदान दिवस 17 नवंबर और मतगणना दिवस 3 दिसंबर पर शराब बिक्री पर प्रतिबंध व शुष्क दिवस घोषित करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें।

## दीवारों पर नारे लेखन और मतदाता जागरूकता

**छिन्दवाड़ा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 123-अमरवाड़ा और चौरई की 5 ग्राम पंचायतों में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिये दीवारों पर नारे लेखन और मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित किया गया।

# नामांकन भरने का आखिरी दिन

## कांग्रेस एवं भाजपा ने किये अधिकृत प्रत्याशी

### भाजपा विधानसभा प्रत्याशी



### कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी



**छिंदवाड़ा।** विधानसभा चुनाव में नामांकन पत्र भरने की आज अन्तिम तारीख है, भाजपा, कांग्रेस एवं गोंडवाना के सभी अधिकृत प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र भर दिया है। नाम वापसी की आखरी तारीख 2 नवम्बर है। जिले की सातों विधानसभा सीटों में सिर्फ मामला चौरई विधानसभा में ही पेंच फंसा है।

भाजपा से रमेश दुबे के प्रत्याशी कमलेश वर्मा एवं कांग्रेस से बंटी पटेल ने दावेदारी की थी, किन्तु ऐसा लगता है कि दोनों ही प्रत्याशी अधिकृत नहीं होंगे, 2 नवम्बर को इन्होने अपना नामांकन पत्र नहीं उठाया तो ये निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में होंगे, दोनों ही प्रत्याशी भाजपा एवं कांग्रेस को नुकसान पहुंचायेगा। आज निर्दलीय प्रत्याशी भी नामांकन भरेंगे भाजपा की आज नामांकन रैली है जिसमें नरोत्तम मिश्रा एवं सुशील मोदी भाग लेंगे।

## रामदास उइके ने दोनों पार्टी से टिकट मांगा था

### नहीं मिली तो निर्दलीय चुनाव लड़ रहे

**छिंदवाड़ा।** पूर्व विधायक रामदास उइके ने विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव से अपना निर्दलीय नामांकन फार्म दाखिल किया है, निरंतर 15 वर्षो से टिकट न मिलने से नाराज रामदास उइके ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि उन्होने 12 वर्ष भाजपा में और 5 वर्ष कांग्रेस पार्टी संगठन में विभिन्न पदों पर काम कर अपने मान-सम्मान, स्वाभिमान व अन्याय को लेकर भाजपा-कांग्रेस पार्टी छोड़ने के बाद उन्होन वर्ष 2023 के इस विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टी से निरंतर टिकट को लेकर प्रयास करने के बाद जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र की जनता व अपने शुभचिंतकों की मांग और उनके आग्रह पर निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिये कदम उठाया और अपना नामांकन फार्म भरकर दोनों पार्टी को चौंकाया है, सबको ज्ञात है कि यहां भाजपा-कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के खिलाफ पार्टी संगठन पदाधिकारी कार्यकर्ता में निरंतर असंतोष, खुलेआम बगावत व अंतर्विरोध का फायदा लेकर गोंडवाना आदिवासी बाहुल्य वर्ग से भी वोट बैंक हासिल कर चुनाव जीतने की उम्मीद की है।



## बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने ली मीडिया, सोशल मीडिया की बैठक



**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी रणनीति के तहत मीडिया, सोशल मीडिया और आईटी में सक्रियता लाई है।आज बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने आज मीडिया विभाग की बैठक ली।उन्होंने दायित्ववान कार्यकर्ताओ को मंत्र दिया।

बैठक में केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शेषराव यादव,दारा जुनेजा, जिला मीडिया प्रभारी संदीप सिंह चौहान, आईटी संयोजक दीपक कोल्हे,सोशल मीडिया संयोजक अर्पण मैद उपस्थित थे।

### काल सेंटर की ली बैठक

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने भाजपा कार्यालय में पार्टी की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए बनाए गए कॉल सेंटर के कार्यकर्ताओं की भी बैठक ली। उन्होंने काल सेंटर के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।

### वरिष्ठ नेता दाखिल करवाएंगे नामांकन

छिंदवाड़ा।भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी 30 नवम्बर को नामांकन दाखिल करेंगे।नामांकन दाखिल करने भाजपा के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।छिंदवाड़ा विधानसभा के अधिकृत प्रत्याशी विवेक बंटी साहू का नामांकन दाखिल करने मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा उपस्थित रहेंगे। इसी तरह बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी सौसंर और पांढुर्ना में उपस्थित रहेंगे। परासिया में केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा, अमरवाड़ा में मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल उपस्थित रहेंगे।

## विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा, पांढुर्णा में ली अधिकारियों की बैठक



छिन्दवाड़ा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 127-परासिया व 128-पांढुर्णा के लिये नियुक्त सामान्य निर्वाचन प्रेक्षक कुमारजीब चक्रवर्ती आज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पांढुर्णा पहुंचे। उन्होंने निर्वाचन अधिकारियों और अमले के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेते हुये मतदान केन्द्र, शेडो एरिया, संवेदनशील मतदान केन्द्रों के अलावा आदर्श आचार संहिता के पालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।सामान्य निर्वाचन प्रेक्षक चक्रवर्ती द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति स्थल का अवलोकन कर नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और निर्वाचन कार्यालय में चुनाव संबंधी कार्यों की व्यवस्था देखी। प्रेक्षक श्री चक्रवर्ती ने निरीक्षण के दौरान वीडियो अवलोकन दल, मीडिया सेंटर, शिकायत शाखा, अनुमति शाखा का भी अवलोकन कर निर्वाचन आयोग के नियमों व निर्देशों के अनुरूप बेहतर कार्य करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इन निर्वाचन संबंधी गतिविधियों के निरीक्षण के अलावा प्रेक्षक ने एक ही लोकेशन पर मौजूद चार या चार से अधिक मतदान केन्द्र वाले परिसरों का भ्रमण कर तैयारियों और सुरक्षा गतिविधियों का जायजा लिया। प्रेक्षक के निरीक्षण के दौरान रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग आफिसर, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ और निर्वाचन अमला मौजूद था।

## अठारह साल सहा अन्याय, अब होगा सबके साथ में न्याय: नकुलनाथ

### आउटसोर्स कर्मियों ने नकुल-कमलनाथ का माना आभार



**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश और जिले के सम्पूर्ण विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने भाजपा के शासनकाल में 18 वर्षों तक अन्याय का सामना किया है। आपने अपनी जायज मांगों और अधिकार के लिये प्रदेश की सरकार से निरंतर लड़ाई लड़ी किन्तु कर्मचारी विरोधी शिवराज सिंह चौहान की नेतृत्व वाली सरकार ने अपनी हटधर्मिता का परिचय देते हुये आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों को दरकिनार कर दिया। कांग्रेस की सरकार बनते ही आप सभी के साथ न्याय होगा। उक्त उदगार राजीव कांग्रेस भवन में आउटसोर्स कर्मचारियों के द्वारा आयोजित आभार कार्यक्रम में सांसद नकुलनाथ ने व्यक्त किये।आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुय नकुलनाथ ने उपस्थित आउटसोर्स कर्मचारियों को आश्वस्त करते हुये कहा कि अब कोई भी आउटसोर्स नहीं होगा, सभी नियमित होंगे। 25 लाख रुपयों का स्वास्थ्य बीमा होगा। उन्होंने उपस्थित कर्मियों से कहा कि आप सभी को भी सच्चाई का साथ देना होगा ताकी प्रदेश में फैली भ्रष्टाचार की जड़ों को समूल नष्ट किया जा सके और सुशासन की स्थापना की जा सके। 4 दिसम्बर के बाद से सभी के साथ न्याय होगा। सांसद श्री नाथ ने उपस्थित आउटसोर्स कर्मचारियों को भोपाल में 7 दिसम्बर 2023 को कमलनाथ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का न्योता भी दिया। कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में ऑउटसोर्स कर्मचारियों के हितों व अधिकारों को ध्यान में रखते हुये उल्लेख किया है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही सभी के साथ न्याय किया जायेगा। नियमित कर्मचारियों की भांति वेतन, भत्ते व अन्य सुविधायें उपलब्ध कराई जायेगी। वचन पत्र में मांगों को शामिल किये जाने पर आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के द्वारा नकुलनाथ व कमलनाथ का आभार प्रदर्शन कार्यक्रम राजीव कांग्रेस भवन में आयोजित किया गया था। उक्त कार्यक्रम में कामगार कांग्रेस के वासुदेव शर्मा सहित बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी, संविदाकर्मी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### महिलाओं के अधिकार और सुरक्षा की गारन्टी: प्रियानाथ

### नगर के चार वार्डों में किया जनसम्पर्क



छिन्दवाड़ा। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही महिलाओं को पंद्रह सौ रुपये प्रतिमाह एवं पांच सौ रुपयों में रसोई गैस सिलेण्डर प्राप्त होगा। महिला अधिकार और सुरक्षा की गारन्टी भी होगी, क्योंकि श्री कमलनाथ जी घोषणा नहीं करते, वचन देते हैं और वे हर वचन पूरा करते हैं। उक्त उदगार आज सांसद श्री नकुलनाथ की धर्मपत्नी श्रीमती प्रियानाथ ने अपने चार वार्डों के जनसम्पर्क में व्यक्त किये। श्रीमती प्रियानाथ ने आज नगर निगम के वार्ड क्रमांक 18, 19, 20 एवं 21 सहित अन्य समीपस्थ वार्डों में जनसम्पर्क किया। उन्होंने इन वार्डों की निवासरत महिलाओं से सम्पर्क कर कहा कि आज रसोई घर चलाना सबसे बड़ा मुश्किल कार्य हो चुका है, क्योंकि रसोई की सम्पूर्ण सामग्री अत्यन्त महंगी हो चुकी है और सबसे अधिक दाम रसोई गैस सिलेण्डर के चुकाने पड़ रहे हैं, किन्तु आप सभी के सहयोग से जल्द ही श्री कमलनाथ जी मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं और इसके उपरांत रसोई के खर्चों में कमी आयेगी, क्योंकि सिलेण्डर पांच सौ रुपयों में प्राप्त होगा। श्रीमती प्रियानाथ ने कहा कि बेटियों के विवाह की नई योजना प्रारंभ की जायेगी जिसमें 1 लाख 1 हजार रूपए की सहायता प्रदान प्राप्त होगी।

## सीताराम व विनय भारती का भाजपा में जाना कांग्रेस को मुश्किल में डाल सकता है



**छिंदवाड़ा।** केन्द्रीय मंत्री अमित शाह की जुन्नारदेव की आम सभा में हर्रई के सीताराम डेहरिया एवं विनय भारती ने कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गये। विधायक कमलेश शाह एवं सीताराम डेहरिया का विवाद पुराना है, सीताराम डेहरिया अपने बेटे का नगर परिषद का अध्यक्ष बनाना चाहते थे, बहुमत भी था, किन्तु विधायक कमलेश शाह ने नही माना और अन्य किसी को अध्यक्ष बनवा दिया। इस बात से नाराज सीताराम डेहरिया और विनय भारती ने कमलनाथ से अमरवाड़ा का प्रत्याशी बदलने की मांग की। कमलनाथ ने दोनों के बीच समझौता कराने की बात भी कही, किन्तु विधायक जो वहां के जागीरदार है, उन्होने नहीं माना, जिसके कारण सीताराम अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गये। भाजपा ने गोंडवाना की मोनिका बट्टी को प्रत्याशी बनाया है, यदि गोंडवाना के जो वोट मनमोहन शाह को मिलते थे यदि वे मोनिका बट्टी को मिलते है, तो कांग्रेस को परेशानी हो जावेगी, क्योकि भाजपा का वोट बैंक निश्चित है, भाजपा और गोंडवाना के वोट यदि भाजपा को मिलते है तो कांग्रेस को मुश्किल जायेगी।

## नरोत्तम मिश्रा एवं सुशील कुमार मोदी नामांकन रैली में लेंगे भाग

**छिंदवाड़ा।** भाजपा विधानसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू की विशाल नामांकन रैली आज 30 अक्टूबर दिन सोमवार को प्रात: 11 बजे से श्याम टाकीज के पास श्री राम मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रारंभ की जावेगी। नामांकन रैली श्री राम मंदिर श्याम टाकीज से प्रारंभ होकर चार फाटक, छोटा तालाब, पुराना पावर हाउस, बड़ी माता के सामने से छोटी बाजार, मेन रोड, गोल गंज, इतवारी, फव्वारा चौक, इंदिरा तिराहा से होते हुए मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के सामने पहुंचेगी। मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के सामने प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा एवं बिहार की पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर ने छिंदवाड़ा की जनता जनार्दन सहित सभी वरिष्ठ भाजपा नेता, शक्ति केंद्र टोली, बूथ समिति, पेज प्रभारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित समस्त कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित विनम्र आग्रह किया है।

## गुरुकुल में जिले भर के प्राचार्यों का परीक्षण सेमिनार




**छिंदवाड़ा।** केंद्र सरकार के शिक्षा विभाग के आदेश पर केंद्रीय बोर्ड पाठ्यक्रम के भोपाल जोन के दिशा निर्देश पर आज शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित संत श्री आशारामजी गुरूकुल में भावी प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें जिले भर के सैकड़ों सी.बी.एस.ई. स्कूलों के प्रतिनिधि और प्राचार्यों ने शिरकत की । कार्यक्रम की शुरुवात समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , गुरूकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , मोटेसरी विद्यालय सौंसर की प्राचार्या डॉ. हीना वाडेकर , पोद्दार स्कूल की प्राचार्या श्रीमति अनामिका मगर्दे , गुरुकुल की प्राचार्या वागीशा आहूजा ने दीप प्रज्वलित कर किया ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में भावी रिसोर्स पर्सन को यह सिखाया गया कि विद्यार्थीयों के सम्पूर्ण विकास के लिए उन्हें इनकी स्वरूचि अनुसार , बुद्धिमत्तापूर्वक , सकरात्मक ढंग से जीवन के तनावपूर्ण स्थिति का समाधान हँसते खेलते कैसे करें । पूरे भोपाल जोन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए गुरुकुल का चयन आधार यहाँ की आध्यात्मिक शिक्षा के साथ-साथ देशभर के 22 राज्यों के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं एवं यहाँ अध्ययनरत विद्यार्थियों ने समय- समय पर कई अन्य प्रतियोगिताओं में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का परचम लहराकर जिले को गौरान्वित किया है । कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राचार्यों ने गुरुकुल प्रशासन की जमकर सराहना की ।

## छिंदवाड़ा अंडर 18 बालक वर्ग की क्रिकेट टीम चयनित



**छिंदवाड़ा।** इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव आशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में अंडर 18 बालक वर्ग क्रिकेट टीम के लिए चयन प्रक्रिया संपूर्ण हुई। 15 सदस्य टीम का चयन किया गया। इस अवसर पर चयन कर्ता , दीपेश अग्रवाल, देव कुमार खरे ,श्रांत चन्देल,विशाल करमरकर उपस्थित रहे।टीम में पूर्णांक राव पवार, पुष्कर विश्वकर्मा, सेजल भादे, अर्पित वर्मा, दीपेश धुर्वे, पीयूष विश्वकर्मा, देवांश खरे, अमन ठाकरे,अजय मोडघरे,अंशुल गौतम, गौरीश तिवारी, प्रिंस पवार,आदर्श सिंग,आर्यन शर्मा, उद्देश्य शामिल किए गए है। चयनित टीम जबलपुर में नवंबर में आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

# पहली बार रमेश दुबे और प्रहलाद पटेल एक साथ नहीं दिखे

## चॉद की आम सभा में नहीं पहुंचे रमेश दुबे

गोविन्द चौरसिया

**छिंदवाड़ा।** राजनीति में कब क्या हो जाये कुछ नहीं कहा जा सकता, चौरई विधानसभा क्षेत्र में बगैर रमेश दुबेके प्रहलाद पटेल का प्रवेश नहीं होता था।

पिछले 15 वर्षो से प्रहलाद पटेल एवं रमेश दुबे एक साथ चलते थे, जिला भाजपा अध्यक्ष बंटी साहू रमेश दुबे के सबसे नजदीक थे। चौरई विधानसभा से सबसे प्रबल दावेदार पंडित रमेश दुबेही माने जा रहे थे, जो पिछले पांच वर्षो से क्षेत्र में लगातार सक्रिय थे। जातिवाद समीकरण से पंडित रमेश दुबे की टिकट कटी और लोधी प्रत्याशी लखन वर्मा को भाजपा का टिकट मिला, किसी को उम्मीद नहीं थी कि पंडित रमेश दुबे की टिकट कटेगी क्योंकि प्रहलाद पटेल और बंटी साहू दोनों ही रमेश दुबे के खास थे। पंडित रमेश दुबे की टिकट काटने का आरोप प्रहलाद पटेल एवं बंटी साहू दोनों पर ही लगाया जा रहा है।


कल प्रहलाद पटेल की चान्द में आम सभा थी पहली बार था कि पंडित रमेश दुबे बुलाने पर भी चांद की आम सभा में नहीं गये। जबकि आम सभा में तो बेनर बनाया गया था उसमें पंडित रमेश दुबे का भी फोटो था। बताया जाता है कि जिला भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रियवरसिंह ठाकुर को पंडित जी ने ही बनवाया, जबकि विवेक बंटी साहू टीकाराम चन्द्रवंशी को अध्यक्ष बनाना चाहते है। इधर पंडित जी की इच्छा पूरी हुई और उधर उनकी टिकट कट गई।





बताया जाता है कि पंडित रमेश दुबे को चांद की आम सभा में निमंत्रण था, उन्हे अमित शाह की जबलपुर की बैठक एवं जुन्नारदेव आम सभा में भी बुलवाया था। पंडित रमेश दुबे की टिकट कटने से उन्होने डमी प्रत्याशी कमलेश वर्मा को खड़ा किया था। किसी ने सोचा नहीं था कि पंडित जी टिकट कटेगी, जिसके कारण उनके गुट के किसी वर्मा ने टिकट नहीं मांगी यदि किसी वर्मा ने टिकट मांगी होती तो पंडित जी के गुट को टिकट मिल जाती। नामांकन पत्र भरने की अन्तिम दिनांक 30 है नाम वापसी की तारीख 2 नवम्बर है। देखना है कितने प्रत्याशी मैदान में रहेगी। कांग्रेस में भी बंटी पटेल ने विद्रोह कर दिया है।

## कमल फूल हमारी पार्टी है: संदीप रघुवंशी



चौरई विधानसभा के प्रबल दावेदार भाजपा नेता संदीप रघुवंशी का कहना है कि पार्टी का निर्णय सर्वोपरी है, पार्टी ने लखन वर्मा को प्रत्याशी बनाया है, मै और मेरे समर्थक तन मन धन से पार्टी के अधीकृत प्रत्याशी लखन वर्मा के साथ दौरे भी प्रारम्भ कर दिये है। संदीप रघुवंशी पिछले चार वर्षो से विधानसभा क्षेत्र में नेत्र शिविर लगवा रहे थे उन्होने चुनरी यात्रा भी निकाली एं कार्यकर्ता के भोपाल में काम भी करवाये। संदीप रघुवंशी ने कहा कि हमारी पार्टी कमल का फूल है और हमेश प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाना है एवं मोदी जी के विकास कार्योको अगे बढाना है।




करवा चौथ की तैयारी... शरद पूर्णिमा के बाद अब करवा चौथ की तैयारी शुरू हो गई है। पूजा में प्रयोग किए जाने वाले रंग-बिरंगे करवे बाजार में सज गए हैं।

## पत्नी प्रताड़ना के आरोपी को अग्रिम जमानत

**भोपाल।** पुलिस विभाग में आरक्षक के पद में कार्यरत संजीव मैंकाले की पत्नी ने पति पर शारीरिक क्रूरता, मारपीट,जान से मारने की धमकी व गुदामैथुन करने की शिकायत पर जहांगीराबाद पुलिस थाने में अपराध क्रमांक 465/23 में अपराध अंतर्गत धारा 498,323,506 व 377 भादवि में प्रथम सूचना रिपोर्ट 27 सितंबर 2023 को पंजीबद्ध की थी। आरोपी ने अग्रिम जमानत उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रस्तुत की थी 27 अक्टूबर 2023 को उच्च न्यायालय ने आरोपी की अग्रिम जमानत स्वीकार कर ली। उच्च न्यायालय में आरोपी की ओर से पैरवी अधिवक्ता सुधीर दुबे ने की थी।

## एनसीसी कैडेट्स की नेशनल यूनिटी रन कल

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में मंगलवार को दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन सरदार बल्लभ भी पटेल की जयंती पर किया जाएगा। जिसमें एनसीसी कैडेट प्रमुख रूप से शामिल होंगे। देश में लोह पुरुष केकनाम से ख्यात सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स राजा भोज सेतु से शौर्य स्मारक तक भाग लेंगे। कार्यक्रम 6.45सुबह राजा भोज सेतु से प्रारंभ होकर 8 सुबह शौर्य स्मारक पर समाप्त होगी। इस कार्यक्रम मे भोपाल के गण मान्य लोग और एनसीसी कैडेट्स तथा अधिकारी भाग लेंगे।

## राघवेन्द्र शर्मा प्रदेश महामंत्री व गुना प्रभारी नियुक्त



**भोपाल।** भिंड जिले की गोहद विधान सभा क्षेत्र से वरिष्ठ कांग्रेस नेता राघवेंद्र शर्मा को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ जी के अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है । साथ ही वर्तमान दायित्व सह-प्रभारी के साथ-साथ श्री शर्मा कोविधानसभा चुनाव के लिए जिला प्रभारी गुना का दायित्व भी दिया गया। श्री शर्मा गोहद ब्लॉक के 15 वर्ष अध्यक्ष रह चुके है। इस दोरान गोहद से इन्होंने 3 विधायकों को विकट परिस्थितियों में विजय दिलाने में अहम भूमिका निभा चुके है। यह दायित्व मिलनेवके बाद भिंड जिले के कार्यकर्ताओं और मित्र परिजनों ने बढ़ाई दी।

## बीयू के विद्यार्थी विभिन्न मांगों को लेकर एनएसयूआई के साथ कुलपति का घेराव करेंगे

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के छात्रावासों में सीनियर व जूनियर विद्यार्थियों को अलग-अलग रखने के कुलपति के आदेश को विद्यार्थी मानने को तैयार नहीं हैं। जब विद्यार्थी इस आदेश को नहीं मानें तो विवि प्रशासन ने उनके मेस और पानी सप्लाई को बंद कर दिया है। इसके अलावा शनिवार की रात को जवाहर छात्रावास में आग लगने की बात भी सामने आई है।

विद्यार्थियों ने कहा कि रात भर बिजली गुल रही, लेकिन प्रशासन कोई ध्यान नहीं देता है। छात्रावास की सभी सुविधाओं को बंद कर दिया गया है तो राशि किस बात की जमा करेंगे। अब इससे परेशान होकर मुंशी प्रेमचंद




और जवाहर छात्रावास में रहने वाले करीब 200 विद्यार्थी एनएसयूआई के नेतृत्व में आज दोपहर 12 बजे सेंट्रल लायब्रेरी से सत्य भवन तक पद यात्रा करते हुए कुलपति का घेराव करेंगे।

बता दें, कि शुक्रवार की रात 10 बजे कुलपति एस के जैन के बंगले का घेराव करने विद्यार्थी पहुंचें थे । कुलपति विद्यार्थियों से नहीं मिलें। इसे लेकर विद्यार्थियों ने खूब हंगामा किया। विद्यार्थियों का कहना है कि वे लंबे समय से कुलपति से मिलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कुलपति उनसे मुलाकात नहीं कर रहे हैं। जिसके बाद शुक्रवार से ही मेस का संचालन बंद कर दिया गया है। विवि के जवाहर और मुंशी प्रेमचंद छात्रावास के विद्यार्थी आज विरोध प्रदर्शन करेंगे।

**अलग-अलग छात्रावास में नहीं रहना चाहते हैं विद्यार्थी-** विद्यार्थियों ने बताया कि जवाहर छात्रावास में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों और मुंशी प्रेमचंद छात्रावास में सेकेंड, थर्ड और फइ्इनल ईयर के विद्यार्थियों को रहने का आदेश कुलपति ने दिया है। लेकिन हमलोग पहले की तरह ही रहना चाहते हैं और इस बात को कुलपति से मिलकर रखना चाहते हैं, लेकिन कुलपति मिलते नहीं हैं। विद्यार्थी इंदौर सिंह व हर्षित कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह से ही विवि प्रशासन ने मेस बंद कर दिया है और पानी की सप्लाई भी बंद कर दी है। ऐसे में विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। कुछ विद्यार्थी परेशान होकर अपने-अपने घर जाने के लिए मजबूर हैं।

# जयस के 2 गुटों की सूची से विधायक अलावा की धमकी-कानूनी कार्रवाई करेंगे




**भोपाल।** गुटों में बंटी जयस (जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन) में से दो गुटों द्वारा प्रत्याशियों की सूची जारी करने से कांग्रेस के विधायक डॉ और एक गुट के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. हीरालाल अलावा भारी बैचेन है। वोटिंग से पहले जयस को एकजुट करने और वोटो के बंटवारे को रोकने के लिए उन्होंने धमकी और लालच दोनों ही दिए हैं। अलावा ने सोमवार सुबह (30 अक्टूबर) एक पत्र जारी किया है और इसे अपने सोशल मीडिया पर अपलोड किया है। इस पत्र के जरिए उन्होंने कांग्रेस से हुई डील को लेकर भी खुलासा कर दिया है। इसमें कहा गाय है कि कांग्रेस ने पांच टिकट दिए हैं, सरकार बनी तो निगम मंडलों से लेकर लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारी तक मिलेगी।

**यह लिखा है संदेश में-** अलावा ने संदेश में लिखा है कि जयस एक सामाजिक संगठन है और सामाजिक ही रहेगा, लेकिन जयस का राजनीतिककरण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने एक पत्र पोस्ट किया है।

**पत्र में यह लिखा है-** जयस संगठन ना तो राजनीतिक पार्टी के रूप में पंजीकृत है और ना कभी इसे पार्टी के रूप में प्रचारित करने का एजेंडा रहा है। यह आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों की लड़ाई लड़ने का संगठन हैज्कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि संगठन को बदनाम करने के लिए राजनीतिक कूटनीतिक षड़यंत्र के तहत राजनीतिक पार्टी के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। राजनीतिक पार्टियों से सांठगांछ कर जयस संगठन के नाम से फर्जी राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेशाध्यक्ष बनकर फर्जी लेटरपेड पर सोशल मीडिय पर विधानसभा उम्मीदवारों की सूची जारी कि जा रही है जो फर्जी है। इसका सख्त विरोध करते हैं और फर्जी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। ज.जयस समर्थित पांच युवाओं को कांग्रेस पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है., जयस संगठन के मुद्दों को भी चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किया गया है। मप्र में कांग्रेस सरकार बनने पर जयस से जुड़े योग्य युवाओं और उम्मीदवारों को निगम-मंडलों, विधान परिषदों औऱ् आदगामी लोकसभा चुनाव 2024 में उम्मीदवार के रूप में भागीदारी दी जाएगी।

**कांग्रेस वाले जयस को पांच टिकट, एक गुट के 16 तो दूसरे के 37 प्रत्याशी मैदान में-** जयस का पहला गुट- डॉ. हीरालाल अलावा का है जो मनावर से कांग्रेस के टिकट पर 2018 में विधायक चुने गए और फिर से उन्हे कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है। वह जयस के राष्ट्रीय संरक्षक थे और अब उनकी प्रोफाइल पर राष्ट्रीय अध्यक्ष भी लिखा जा चुका है। इनके गुट को कांग्रेस ने पांच टिकट दिए हैं, इसमें मनावर से डॉ. अलावा खुद है, वहीं सेंधवा, रतलाम ग्रामीण और बागली के साथ घोडाडोंगरी विधानसभा में भी टिकट दिए हैं।

## एसडीएम सपना लोवंशी पर 10 हजार का अर्थदंड, कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करना भारी पड़ा

**इंदौर।** सरफेसी एक्ट को लेकर दिए कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करना एसडीएम सपना लोवंशी को भारी पड़ गया। हाई कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए उन पर 10 हजार का अर्थदंड लगाया है।

कोर्ट ने कहा कि एसडीएम ने पूर्व में दिए आदेश की अपने हिसाब से व्याख्या की। उन्होंने एक्ट के प्रविधानों और हाई कोर्ट के आदेशों का पालन करने में गंभीर लापरवाही की है। ऐसा लगता है कि जैसे यह सब उनकी आदत में शामिल है। आठ पेज के फैसले में कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि अर्थदंड की राशि राज्य सरकार वहन नहीं करेगी। यह राशि एसडीएम लोवंशी को अपनी जेब से भरनी पड़ेगी। कोर्ट ने कहा है कि इस आदेश को प्रसारित किया जाए ताकि कोर्ट के आदेशों की अपने हिसाब से व्याख्या करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जा सके।



**यह था मामला-** सरफेसी एक्ट (वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण, पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002) को लेकर एक याचिका हाई कोर्ट की युगल पीठ के समक्ष दायर हुई थी। याचिकाकर्ता कंपनी ने याचिका में एसडीएम सपना लोवंशी द्वारा 28 जून 2023 को जारी एक आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि वह ग्राहकों को ऋण उपलब्ध कराने का काम करते हैं। उन्होंने होटल सवेरा के प्रोप्राइटर अमन डावर को 97 लाख 78740 रुपये का ऋण दिया था, लेकिन ऋण की वापसी नहीं हुई। इस पर कंपनी ने सरफेसी एक्ट के तहत कार्रवाई की। इस एक्ट के तहत उन्होंने एसडीएम कोर्ट के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था ताकि उन्हें होटल का कब्जा प्राप्त हो जाए। एसडीएम ने आवेदन पर कार्रवाई करने के बजाय प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने की अनुमति देकर और कब्जा लेने के लिए प्रस्तुत आवेदन खारिज करके धारा 14 के दायरे को तोड़ा है। हाई कोर्ट की युगलपीठ ने याचिका स्वीकारते हुए यह माना कि एसडीएम ने पूर्व में दिए आदेशों का पालन करने के बजाय आदेशों की अपने हिसाब से व्याख्या की।

## चुनावी दंगल में इंटरनेट मीडिया पर नेताओं के बदले रंग, छलक रहा दर्द

**ग्वालियर।** टिकट वितरण के बाद नाराज नेताओं का रंग और जुबान बदल गई है। टिकट न मिलने पर कोई इंटरनेट मीडिया पर शायरी तो कोई इस्तीफा देकर विरोध दर्ज कराने के साथ दूसरी पार्टी ज्वाइन कर मैदान में उतर गया है। राजनीतिक दल के इन नेताओं के रंग बदलते व्यवहार को देख आमजन की मुशिकल बढ़ गई है। उसे यह तय करना मुशिकल हो रहा है कि वह पहले सच बोल रहा था कि अब सच बोल रहा है।



**पार्टी बदलने से राजनीतिक दलों में घमासान-** चुनावी दंगल में इस बार पार्टी बदलने और उनके बयानों का देख लोग दुविधा में है। भाजपा और कांग्रेस में टिकट वितरण के बाद से ही घमासान मचा है। भिण्ड में बसपा में भाजपा में गए संजीव सिंह ने टिकट न मिलने पर इंटरनेट मीडिया पर कुछ इस तरह विरोध दर्ज कराया। उन्होंने लिखा दुखों के घेरे में भी मुस्कान लाएं, हार को आओ फिर भुलाएं जीवन के पथ पर अटल रहें, असंभव को भी संभव बनाएं, क्योंकि हारा वही जो लड़ा नहीं भिण्ड की सेवा का व्रत जनता के आशीष से चलेगा अनवरत। इधर ग्वालियर ग्रामीण में कांग्रेस से टिकट की उम्मीद लगाए बैठे केदार कंसाना ने टिकट न मिलने पर फेसबुक पर कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने का मैसेज डालकर विरोध दर्ज कराया।

**कुलदीप सिकरवार सुमावली-** कांग्रेस ने सिकरवार को सुमावली विधानसभा से प्रत्याशी घोषित किया था। यहां कांग्रेस ने दोबारा अजब सिंह कुशवाह पर भरोसा जताते हुए कुलदीप सिकरवार का टिकट काट दिया। ऐसे में कुलदीप ने इन पंक्तियों सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए इंटरनेट मीडिया पर लिखकर विरोध दर्ज कराया।

**पूर्व विधायक मुकेश चौधरी-** मेहगांव से पूर्व विधायक मुकेश चौधरी भाजपा से टिकट मांग रहे थे, लेकिन भाजपा ने उनको टिकट नहीं दिया। ऐसे में वह जनता के सामने रो पड़े। इंटरनेट मीडिया पर उनका यह बदलाव का रंग जमकर वायरल हुआ। गणेशी लाल नायक पृथ्वीपुर भाजपा से निवाड़ी की पृथ्वीपुर विधानसभा से दावेदारी करने वाले गणेशी लाल नायक ने इंटरनेट मीडिया पर इन पंक्तियों रात अंधेरी है तो क्या हुआ, सूर्य उदय तो निश्चित है। मैं अपनों के साथ हमेशा था हमेशा हूं और अंतिम सांस तक रहूंगा। लिखकर अपना दर्द बयां किया।



मध्य विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी आरिफ मसूद रैली निकाल कर नामांकन भरने रवाना हुए।

## दिन में गर्म, रात में ठंडक, हवा के रुख से बदला मौसम का मिजाज

**भोपाल।** हवाओं के रुख से मध्यप्रदेश में गर्मी-ठंड वाला मौसम है। ग्वालियर दिन में गर्म है, जबकि रात में ठंडा हो जाता है। भोपाल, जबलपुर और उज्जैन में भी ऐसा ही मौसम है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले नवंबर के पहले सप्ताह तक मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। फिर तेज सर्दी पड़ेगी।



सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि उत्तरी भारत में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टबेंस (पश्चिमी विक्षोप) लौट गए हैं। दूसरी ओर, दिन और रात में हवा की रफ्तार अलग-अलग है। रात में उत्तर-पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी हवाएं चल रही हैं, जबकि दिन में रुख दक्षिणी-पश्चिमी होता है। जिससे गर्मी का असर देखने को मिलता है। 2 नवंबर को फिर एक पश्चिमी विक्षोप के एक्टिव होने का अनुमान है। इससे दिन में गर्मी और रात में गुलाबी ठंड वाला मौसम ही रहेगा। सिस्टम से प्रदेश में कहीं भी बारिश होने का अनुमान नहीं है। ऐसा रहा दिन-रात का तापमान

प्रदेश का हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा है। रात का टेम्प्रेचर 11 डिग्री तक पहुंच गया है। शनिवार-रविवार की रात में पारा 11.2 डिग्री था। वहीं, रविवार को दिन में तापमान 27.6 डिग्री दर्ज किया गया। ग्वालियर दिन में सबसे गर्म है। रविवार को अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि रात में टेम्प्रेचर 15 डिग्री रहा। बैतूल में रात का तापमान 14.5 डिग्री, दतिया में 15 डिग्री, खंडवा में 15.4 डिग्री, रायसेन में 13.1 डिग्री, राजगढ़ में 13.8 डिग्री, छिंदवाड़ा में 13.7 डिग्री, खजुराहो में 15.2 डिग्री, नौगांव में 13.2 डिग्री, सतना में 15.6 डिग्री, उमरिया में 13.7 डिग्री, मलांजखंड में 14.5 डिग्री रहा।

भोपाल में रविवार को अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री और रात में तापमान 15.4 डिग्री रहा। यहां अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में रात में ठंड का ट्रेंड है और पारा 13 से 16 डिग्री के बीच ही रहता है। पिछले 10 साल का रिकॉर्ड देखें तो 28 से 31 अक्टूबर तक तेज ठंड पड़ती है। इस बार भी ऐसा ही मौसम है। नवंबर में पारे में और भी गिरावट होगी।

# एनएसडीएल कंपनी कर रही एनपीएस धारक कर्मचारियों के साथ करोड़ों की हेरा फेरी

**भोपाल।** नई पेंशन योजना एनपीएस को संचालित करने वाली एनएसडीएल कंपनी मुंबई एनपीएस धारक कर्मचारी के जमा पैसे में करोड़ों रुपए की हेरा फेरी कर रही है लेकिन भारत सरकार एनएसडीएल कंपनी की जांच नहीं कर रही है जिस कारण लाखों एनपीएस धारक कर्मचारियों को प्रतिमाह करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है सेवानिवृत्ति के समय एनपीएस धारक कर्मचारियों को मनचाहा पैसा एनएसडीएल कंपनी भुगतान कर रही है यदि एनपीएस धारक कर्मचारी मांग करता है कि जमा पैसे का पूरा हिसाब दिया जाए तो वह भी एनएसडीएल कंपनी नहीं देती है मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने देश के वित्त मंत्री को पत्र लिखकर मांग करी है कि एनपीएस योजना संचालित करने वाली एनएसडीएल कंपनी की निष्पक्ष जांच की जाए एनएसडीएल कंपनी पर करोड़ों रुपए की हेरा फेरी का प्रकरण दर्ज किया जाए तथा एनपीएस धारक कर्मचारियों के जमा पैसे में की गई करोड़ों रुपए की हेरा फेरी का पैसा वास्तविक एनपीएस धारक कर्मचारियों को लौटाया जाए।

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि सन् 2004 में भारत सरकार ने नई पेंशन योजना एनपीएस बनाकर देश के 2005 के बाद नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों के लिए एनपीएस नई पेंशन योजना लागू करी थी सन 2005 बाद नियुक्त कर्मचारियों अधिकारियों को पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस के लाभ से वंचित करते हुए एनपीएस नई पेंशन योजना के दायरे में ले लिया था और नई पेंशन योजना एनपीएस को संचालित करने की जिम्मेदारी निजी संस्था एनएसडीएल कंपनी मुंबई को सौंप दी थी तब सरकार ने कहा था कि एनएसडीएल कंपनी के माध्यम से नई पेंशन योजना एनपीएस में कर्मचारियों को बड़ा फायदा होगा लेकिन एनएसडीएल कंपनी मुंबई ने एनपीएस नई पेंशन योजना धारा कर्मचारियों को फायदा देने के स्थान पर एनपीएस धारक कर्मचारी के जमा पूंजी मैं हेरा फेरी करना शुरू कर दिया एनएसडीएल कंपनी नई पेंशन योजना एनपीएस धारक कर्मचारियों को जमा पूंजी में ना तो सरकार के शेयर का पैसा देती है और ना ही बाजार में लगाए गए एनपीएस के पैसे के फायदे का पैसा एनपीएस धारक कर्मचारियों को देती है एनएसडीएल कंपनी एनपीएस धारक कर्मचारियों के पैसे से बाजार में सट्टा खेल रही है फायदा स्वयं उठा रही है और सेवानिवृत्ति के समय कर्मचारियों को उसकी पूरी सेवाकाल की जमा पूंजी मनमाना भुगतान कर रही है पिछले 10 वर्ष में एनएसडीएल कंपनी ने एक भी एनपीएस धारा कर्मचारियों को उसकी जमा पूंजी का वास्तविक भुगतान नहीं किया है जो एनपीएस धारक कर्मचारियों के साथ धोखा है यदि भारत सरकार ने एनपीएस धारक कर्मचारियों के साथ एनएसडीएल द्वारा की गई हेरा फेरी की उच्च स्तरीय जांच करके दंडित नहीं किया तो मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच की ओ पी एस आंदोलन समिति आंदोलन का रास्ता अपना आएगी तथा देश के सामने एनएसडीएल की सच्चाई लाएगी।